वर्ष : 34 | अंक : 22 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, रविवार, 30 मार्च 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# आज से शक्ति की आराधना का पर्व

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

आज से शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्र की शुरूआत हो रही है। 30 मार्च से प्रारंभ चैत्र नवरात्र का समापन 6 अप्रैल को रामनवमी के साथ होगा। ये चैत्र शुक्ल पक्ष की वासंतिक नवरात्र है। चैत्र नवरात्र से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। इस नवरात्र में तमाम तरह की शक्तियां पाई जा सकती हैं।

### नवरात्र में व्रत का विधान

नवरात्र में साधक नौ दिन भी व्रत रख सकते हैं और दो दिन भी। जो लोग पूरे 8 या 9 व्रत रखते हैं, वो दशमी तिथि को पारायण करते हैं। जो लोग प्रतिपदा तिथि और अष्टमी तिथि को व्रत रखेंगे, वो भी दशमी को पारायण करते हैं। नवरात्र के व्रत में फलाहाल का सेवन किया जा सकता है। और संध्याकाल में पूजा के बाद कुट्टू के आटे की रोटी का सेवन किया जा सकता है।



### कलश स्थापना का मुहूर्त

कलश की स्थापना चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को की जाती है। इस बार चैत्र नवरात्र पर घटस्थापना के लिए दो शुभ मुहूर्त रहेंगे। 30 मार्च को सुबह 06.13 बजे से सुबह 10:22 बजे तक घटस्थापना का मुहूर्त है। फिर आप दोपहर 12:01 बजे से दोपहर 12.50 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में घटस्थापना कर सकेंगे।

### आज मनाया जाएगा गुड़ी पड़वा



महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा लोग हिंदू नववर्ष की शुरुआत के रूप में मनाते हैं। दक्षिण भारत के कई राज्यों में भी गुड़ी पड़वा का त्योहार मनाया जाता है, लेकिन गुड़ी पड़वा की जैसी धूम महाराष्ट्र में देखने को मिलती है, वैसी कहीं दूसरे राज्य में देखने को नहीं मिलती।

#### पूजा का शुभ मुहूर्त

इस साल गुड़ी पड़वा की पूजा का सुबह का शुभ मुहूर्त 6 बजकर 13 मिनट से शुरू होगा। ये शुभ मुहूर्त सुबह 10 बजकर 22 मिनट तक रहेगा। वहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर के 12 बजे से शुरू होगा। ये मुहूर्त 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा।

# पीएम मोदी का 'महा'दौरा आज

- छत्तीसगढ़ को देंगे 33 हजार करोड़ की सौगात

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के दौरे पर जाएंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। उनका दौरा नागपुर से शुरू होगा और बाद में बिलासपुर तक जाएगा।

एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि मैं 30 मार्च को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में रहूंगा। नागपुर पहुंचने पर मैं स्मृति मंदिर और उसके बाद दीक्षाभूमि जाऊंगा। इसके बाद नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखूंगा। मुझे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड की गोला-बारूद सुविधा का दौरा करने का भी अवसर मिलेगा।



**महाराष्ट्र में संघ के स्मृति मंदिर में नवरात्र पूजा करेंगे पीएम मोदी**

### महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम

पीएम मोदी सुबह 9 बजे नागपुर में स्मृति मंदिर के दर्शन से अपने दिन की शुरुआत करेंगे, उसके बाद दीक्षाभूमि का दौरा करेंगे, जो एक महत्वपूर्ण बौद्ध स्थल है, जहाँ डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने 1956 में बौद्ध धर्म अपनाया था। सुबह 10 बजे, वह माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखेंगे, जो माधव नेत्रालय नेत्र संस्थान और अनुसंधान केंद्र का विस्तार है। इस नई सुविधा में 250 बिस्तर, 14 बाह्य रोगी विभाग और 14 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर होंगे, जिसका उद्देश्य विश्व स्तरीय नेत्र देखभाल प्रदान करना है। दोपहर 12:30 बजे, पीएम मोदी नागपुर में सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड की गोला-बारूद सुविधा में लोइटरिंग म्यूनिशन टेस्टिंग रेंज और निहत्थे हवाई वाहनों (यूएवी) के लिए एक हवाई पट्टी का उद्घाटन करेंगे।

### छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम

बिलासपुर में प्रधानमंत्री बिजली, तेल और गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और आवास क्षेत्र में 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी एनटीपीसी की सीपत सुपर थर्मल पावर परियोजना चरण-III (9,790 करोड़ रुपए) का उद्घाटन करेंगे और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की पहली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना (15,800 करोड़ रुपए) पर काम शुरू करेंगे। वे 560 करोड़ रुपए की लागत वाली तीन पावरग्रिड ट्रांसमिशन परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे।

## शहीद तुकाराम ओंबले के सम्मान में बनेगा भव्य स्मारक

- महाराष्ट्र सरकार ने मंजूर किए 13.46 करोड़ रुपए

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र सरकार ने 26/11 आतंकी हमले में शहीद हुए मुंबई पुलिस के सब-इंस्पेक्टर तुकाराम ओंबले के सम्मान में उनके पैतृक गांव केदांबे (सतारा) में एक भव्य स्मारक बनाने का फैसला किया है। इस स्मारक के निर्माण के लिए 13.46 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है, जिसकी पहली किस्त 2.70 करोड़ रुपए जिला प्रशासन को शुक्रवार को प्रदान कर दी गई।

### ओंबले की वजह से पकड़ा गया था आतंकवादी कसाब

26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान से आए 10 आतंकवादियों ने मुंबई में कहर बरपाया, जिसमें कई निर्दोष नागरिक मारे गए। इनमें सबसे कुख्यात आतंकी अजमल कसाब था, जिसे जिंदा पकड़ना सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक चुनौती था। मुंबई पुलिस के सहायक इंस्पेक्टर तुकाराम ओंबले ने महज एक लाठी के सहारे एके-47 से लैस कसाब को पकड़ लिया। कसाब ने धोखा देने के लिए खुद को मृत दिखाने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही मौका मिला, उसने तुकाराम ओंबले पर गोलियां चला दीं। गोलियां लगने के बावजूद ओंबले ने कसाब की बंदूक की बैरल को तब तक पकड़े रखा, जब तक अन्य पुलिसकर्मी उसे काबू में नहीं कर पाए।

## सड़क हादसे में डीसीपी सुधाकर पठारे की मौत

### तेलंगाना में श्रीशैलम से लौटते समय हुआ हादसा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



मुंबई पुलिस के पोर्ट जोन के डीसीपी और 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी सुधाकर पठारे का तेलंगाना में एक सड़क हादसे में शनिवार को निधन हो गया। यह हादसा उस वक्त हुआ जब वह तेलंगाना के श्रीशैलम तीर्थक्षेत्र से दर्शन करके लौट रहे थे। घटना नागरकुरनूल जिले के डोमलपेंटा गांव के पास श्रीशैलम-हैदराबाद नेशनल हाइवे के घाट रोड की है। हादसे में उनके साथ मौजूद एक रिश्तेदार की भी मौत हो गई।

### कहां हुआ हादसा?

जानकारी के अनुसार, सुधाकर पठारे और उनके रिश्तेदार भागवत खोडके श्रीशैलम में दर्शन के बाद हैदराबाद लौट रहे थे। जब वे घाट क्षेत्र में पहुंचे, तो उनकी इनोवा कार और एक पिकेट डिपो की आरटीसी बस के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस टक्कर के कारण दोनों वाहनों में सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सुधाकर पठारे को सिर में चोट आई, जबकि उनके रिश्तेदार भागवत को पैर में और कुछ अंदरूनी चोटें आईं। हादसे के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही दोनों की मृत्यु हो गई। दोनों को कल्वाकुर्ती सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि की।

### कैसे हुआ हादसा?

एसपी कर्नूल वैभव गायकवाड ने बताया कि नागरकुरनूल जिले के अमराबाद मंडल में नल्लामाला वन क्षेत्र के श्रीशैलम-हैदराबाद नेशनल हाइवे पर डोमलपेंटा गांव के पास घाट रोड पर यह हादसा हुआ। दोपहर करीब 12 बजे इनोवा कार (टीएस09एपी डी1166) जिसमें सुधाकर पठारे और भागवत खोडके सवार थे। पिकेट डिपो की एक आरटीसी बस से टकरा गई। दोनों ने सीट बेल्ट नहीं पहनी थी। हादसे में सुधाकर पठारे को सिर में चोट लगी। जबकि भागवत खोडके को पैर में और कुछ अंदरूनी चोटें आईं।

### मुंबई पुलिस ने बताया भारी क्षति

उन्होंने कहा कि दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए कल्वाकुर्ती सरकारी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस दुर्घटना की जांच कर रही है। मुंबई पुलिस के माध्यम से परिवार को सूचित किया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार को सौंपे जाएंगे। घटना की जानकारी मिलते ही मुंबई पुलिस ने डीसीपी सुधाकर पठारे की असमय मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुंबई पुलिस की ओर से जारी किए गए आधिकारिक बयान में इसे भारी क्षति बताया गया है। बयान में कहा गया है कि वह एक समर्पित और ईमानदार अधिकारी थे, जिन्होंने मुंबई पोर्ट जोन में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनके अचानक चले जाने से हमारे विभाग में एक गहरी रिक्तता पैदा हो गई है। हम उनके परिवार, मित्रों और सहयोगियों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

## 'मुफ्त रेवडी' वाली योजनाओं का साइड इफेक्ट

### महाराष्ट्र सरकार की तिजोरी हुई खाली

- अब मितव्ययिता नीति अपनाएगी महाराष्ट्र सरकार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

चुनावी लुभावनी योजनाओं, खासकर लाडली बहन योजना के चलते महाराष्ट्र सरकार के खजाने पर भारी दबाव पड़ रहा है। वित्तीय संकट को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी स्तरों पर मितव्ययिता (संसाधनों के सावधानीपूर्वक उपयोग) की नीति अपनाने का निर्णय लिया है। राज्य की वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने सभी विभागों को अनुत्पादक खर्चों में कटौती और मुफ्त योजनाओं को समेकित करने का निर्देश दिया। सरकारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्तावों में विभागों को यह बताना होगा कि उनके आवंटित बजट में कितनी बार वृद्धि हुई है।



### 45,000 करोड़ रु. का राजस्व घाटा

हाल ही में प्रस्तुत 2025-26 के बजट में महाराष्ट्र सरकार ने 45,000 करोड़ रुपए के राजस्व घाटे का अनुमान जताया है। सरकार के पास चालू वित्त वर्ष में व्यय के लिए कुल 7.20 लाख करोड़ रुपए उपलब्ध हैं, जबकि अनुमानित राजकोषीय घाटा 1.36 लाख करोड़ रुपए होगा। सरकार के कुल राजस्व का 58% अनिवार्य खर्चों पर खर्च होता है, जिससे अन्य योजनाओं के लिए सीमित संसाधन बचते हैं।

## भ्रामक खबरों पर सख्ती

- भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाने के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने भ्रामक खबरों और गलत सूचनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को लेकर फैलाई जा रही गलत खबरों की पहचान और उस पर त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित किया गया।



### कैबिनेट बैठक में हुआ था फैसला

2 फरवरी 2025 को कैबिनेट बैठक में फडणवीस सरकार ने सभी मंत्रिस्तरीय विभागों के लिए विस्तृत सूचनात्मक प्रारूप तैयार करने का निर्देश दिया था। इससे सरकारी योजनाओं पर प्रतिक्रिया देने योग्य समाचारों की जानकारी तुरंत संबंधित विभागों से प्राप्त की जा सकेगी।

### विभागों को दिए गए निर्देश

राज्य के सामान्य प्रशासनिक विभाग (GAD) द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रिंट मीडिया में प्रकाशित भ्रामक खबरों पर 12 घंटे के भीतर और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित खबरों पर दो घंटे के भीतर संबंधित विभागों को स्पष्टीकरण देना होगा। इसके अलावा, सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय (DGIPR) के मीडिया प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ को निर्देश दिया गया है कि वह सरकारी विभागों को भ्रामक खबरों की जानकारी दे और संबंधित मीडिया हाउस से संपर्क कर सही तथ्य प्रस्तुत करे। सरकार ने पाया कि भ्रामक खबरों के कारण सरकारी योजनाओं और कार्यों की गलत छवि बनती है। त्वरित प्रतिक्रिया देने से जनता तक सही जानकारी पहुंचेगी और सरकार की योजनाओं को लेकर सकारात्मक धारणा बनेगी।

## एटीएम चार्ज मामला | बैंकों को लूट का कलेक्शन एजेंट बना रही मोदी सरकार : कांग्रेस

- खड़गे बोले- जनता से 43,500 करोड़ वसूले

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के ATM चार्ज बढ़ाने के फैसले पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बैंकों को कलेक्शन एजेंट बना दिया है और आम जनता से अवैध तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं।



### 'अरबपतियों के 16 लाख करोड़ कर्ज माफ'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने अरबपति दोस्तों के 16 लाख करोड़ के कर्ज माफ कर दिए, जिससे बैंकिंग सेक्टर पर भारी दबाव पड़ा है। उन्होंने बताया कि ICICI बैंक के 782 पूर्व कर्मचारियों से बातचीत के दौरान उन्हें पता चला कि बैंकिंग सेक्टर में कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है।

### खड़गे ने बैंकिंग फीस की लंबी लिस्ट शेयर की

खड़गे ने सोशल मीडिया पर बैंकों की अलग-अलग तरह की फीस की लिस्ट शेयर की। साथ ही कहा कि मोदी सरकार संसद में इस फीस से होने वाली वसूली का डेटा भी साझा नहीं करती। उन्होंने मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा, दर्दनाक महंगाई + बेलगाम लूट = वसूली के लिए बीजेपी का मंत्र।

- **इन-एक्टिविटी फीस :** हर साल 100-200
- **बैंक स्टेटमेंट फीस :** 50-100
- **एसएमएस अलर्ट फीस :** हर तीन महीने अपर 20-25
- **लोन प्रोसेसिंग फीस :** 1-3%
- समय से लोन चुकाने पर भी प्री-क्लोजर फीस
- एनईएफटी और डिमांड ड्राफ्ट पर अतिरिक्त फीस
- केवाईसी अपडेट जैसे साइन अपडेट कराने पर फीस

## कामरा पर तीन नए केस दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर दिए गए बयान को लेकर तीन नए केस दर्ज किए गए हैं। मुंबई पुलिस के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज कराई, जबकि नासिक के दो बिजनेसमैन ने भी अलग-अलग शिकायतें दी हैं। मुंबई पुलिस पहले ही कुणाल कामरा से पूछताछ के लिए दो समन जारी कर चुकी है। इसके अलावा, महाराष्ट्र विधान परिषद में उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी स्वीकार कर लिया गया है।

### संजय राउत बोले- वह आतंकवादी नहीं

शिवसेना (UBT) सांसद संजय राउत ने कहा कि जिस तरह भाजपा सांसद कंगना रनोट को शिवसेना से टकराव के बाद सुरक्षा दी गई थी, वैसी ही सुरक्षा कुणाल कामरा को भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैंने कुणाल से कहा है कि वे कानून का सामना करें और भागें नहीं। मुंबई पुलिस निष्पक्ष है और कुणाल कोई आतंकवादी नहीं हैं, वे एक कलाकार और देश के नागरिक हैं।'

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## अवैध रूप से रह रहे 14 विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अवैध रूप से रह रहे 14 विदेशी नागरिकों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। इनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, ये विदेशी नागरिक नाइजीरिया, घाना और युगांडा के रहने वाले हैं और इन्हें वाशी इलाके के जाहूगांव से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2,03,500 रुपये नकद और उनके ठिकाने से 90,000 रुपये से अधिक की शराब बरामद की है। पुलिस पंकज जोशी नामक व्यक्ति की तलाश कर रही है, जिसने बिना निर्धारित प्रक्रियाओं और नियमों का पालन किए इन विदेशियों को अपना घर किराए पर दिया था। पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है।

## टीबी उन्मूलन के लिए चिकित्सकों को ठाणे जिले में प्रशिक्षण



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (क्षय रोग और कुष्ठ रोग) पुणे के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिला क्षय रोग अधिकारी ठाणे डॉ. ए. एस. मुंजाल के मार्गदर्शन में ठाणे जिला में 13 मार्च 2025 को भिवंडी के कोन गांव श्री प्रसाद होटल में प्रशिक्षण हुआ इसमें 45 डॉक्टर और 45 नर्स मौजूद थे। इसके पश्चात डॉक्टर्स फॉर यू के सहयोग से 27 मार्च 2025 को एस3 होटल, अंबरनाथ बदलापुर रोड, चिखली, अंबरनाथ में 65 डॉक्टरों के लिए भी एक कार्यशाला आयोजित की गई।

## मामूली विवाद पर किसान को जलाने की धमकी

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**



अम्बिवली क्षेत्र में अपराधी अली ईरानी और उसके तीन साथियों ने मोहिली गांव के किसान संतोष शिंगोले (49) के साथ गाली-गलौज की और मामूली बात पर उन्हें वाहन सहित जिंदा जलाने और जान से मारने की धमकी दी। घटना उस वक्त हुई जब संतोष शिंगोले अपनी कार से टिटवाला बाल्यानी क्षेत्र में एक दोस्त के घर जा रहे थे। उन्होंने टिटवाला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद अली ईरानी और उसके तीन साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, अली ईरानी पहले से ही संगठित अपराध अधिनियम (MCOCA) के तहत अपराधी रह चुका है। हालांकि, इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# अब हर सोमवार, अधिकारी आपके द्वार...

## उल्हासनगर मनपा ने शुरू करेगी 'जनसंवाद सभा'

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

ठाणे जिले के उल्हासनगर मनपा के नागरिकों की प्रशासन से संबंधित विविध समस्याओं को सुनने एवं उसके निदान किए जाने के लक्ष्य को लेकर अब सप्ताह में एक दिन प्रति सोमवार को प्रभाग स्तर पर 'जनसंवाद सभा' का आयोजन किया जाएगा। एक अप्रैल को इसकी पहली बैठक होगी। उल्हासनगर मनपा के जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हुए चार साल बीत चुके है। जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में नागरिकों की समस्याओं और सुविधाओं को उचित न्याय प्रदान करने के लिए प्रशासन ने यह पहल की है। आयुक्त एवं प्रशासक मनीषा आव्हाले के आदेशानुसार यह बैठक प्रत्येक सोमवार को दोपहर 3 से 5 बजे तक सभी वार्ड समिति कार्यालयों में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक जन संवाद बैठक की अध्यक्षता वार्ड समिति के सहायक आयुक्त द्वारा की जाएगी।

### बैठक में ये अधिकारी रहेंगे मौजूद




बैठक में लोक स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, लोक निर्माण, संपत्ति कर और शहरी नियोजन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी शिकायतें सीधे इन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करें। बैठक की शुरुआत आयुक्त द्वारा पिछले सप्ताह लिए गए निर्णयों और सरकार की योजनाओं पर अपडेट देने से होगी। इसके बाद प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिगत रूप से बुलाया जाएगा और उनकी समस्याएं दर्ज की जाएंगी। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा सकता है, उन पर वहां चर्चा की जाएगी और उनका समाधान किया जाएगा। अन्य मुद्दों की रिपोर्ट दी जाएगी और अगली प्रक्रिया लागू की जाएगी।

### मनपा आयुक्त ने दिए आदेश

प्रशासक एवं आयुक्त मनीषा अव्हाले ने यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट आदेश दिया है कि यह पहल केवल कागजों तक सीमित न रहे बल्कि प्रभावी ढंग से लागू हो और सभी सहायक आयुक्तों और संबंधित विभागों को इसे तुरंत लागू करने के निर्देश दिए गए है। प्रत्येक सोमवार को मुख्यालय से उपायुक्त या सहायक आयुक्त व्यक्तिगत रूप से किसी भी वार्ड समिति कार्यालय में जन संवाद बैठक का दौरा करेंगे ताकि इस पहल का पारदर्शी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके और नागरिकों के अनुभवों की प्रत्यक्ष समीक्षा की जा सके। मनपा की इस पहल की बदौलत उल्हासनगर निवासी अब अपने क्षेत्र के कार्यालय में जाकर अपनी समस्याएं बता सकेंगे। मुख्यालय आने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। नागरिकों के बीच सकारात्मक चर्चा है कि यह प्रशासन के जनोन्मुख और कुशल प्रशासन में एक नया अध्याय हो सकता है।

## गुड़ी पड़वा, चेटीचंड और रमजान ईद पर कड़ी सुरक्षा

### पुलिस ने सुरक्षा के किए कड़े इंतजाम

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

गुड़ी पड़वा, संत झूलेलाल जयंती (चेटीचंड) और रमजान ईद रविवार और सोमवार को मनाई जाएगी। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए ठाणे पुलिस ने कड़ी सुरक्षा तैनात करने का निर्णय लिया है। साथ ही, शहर में यातायात भीड़ से बचने के लिए परिवहन मार्गों में कई बदलाव लागू किए गए हैं।

इन त्योहारों के अवसर पर 65 मुख्य मार्गों पर जुलूस, 7 पालकी, 3 सड़क जुलूस, 4 दोपहिया वाहन जुलूस, 11 सार्वजनिक कार्यक्रम और ठाणे पुलिस आयुक्तालय में संत झूलेलाल जयंती के अवसर पर 2 जुलूस और 1 दोपहिया वाहन रैली निकाली जाएगी। सोमवार को रमजान ईद के मौके पर मस्जिदों और दरगाहों पर नमाज अदा की जाएगी। ठाणे पुलिस ने सुरक्षा के लिए 1 अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, 9 पुलिस उपायुक्त, 14 सहायक पुलिस आयुक्त, 93 पुलिस निरीक्षक, 413 सहायक पुलिस निरीक्षक और उपनिरीक्षक, 4514 पुलिसकर्मी, 450 होमगार्ड और राज्य रिजर्व बल की दो कंपनियां तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, 1 पुलिस उपायुक्त, 1 सहायक पुलिस उपायुक्त, 5 पुलिस निरीक्षक, 10 सहायक पुलिस निरीक्षक और 87 पुलिसकर्मियों का एक विशेष बल भी तैनात किया जाएगा। यातायात शाखा और अपराध जांच शाखा के अधिकारी भी निगरानी करेंगे।

## नवी मुंबई: अधिकारी पर हमले के दोषी तीन हॉकर्स को दो साल की सजा

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

एक सरकारी अधिकारी पर हमला करने और उनके काम में बाधा डालने के दोषी तीन हॉकर्स को दो-दो साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह मामला 2016 में अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान का है, जब हॉकर्स ने नगर निगम के अधिकारी पर हमला किया था।

### अदालत का फैसला



अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के.आर. देशपांडे ने श्रीकांत सुरेंद्र शर्मा, दीपक कुमार छोटेलाल गायकवाड़ और सिराज जवाद खान को दोषी मानते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक पर 2,250 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### क्या था मामला?

यह घटना 19 अगस्त 2016 की है, जब नवी मुंबई नगर निगम के वार्ड अफसर सुभाष अदगाले सीबीडी बेलापुर रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहे थे। इसी दौरान तीनों आरोपियों ने उनसे बदसलूकी की, गाली-गलौज की और मारपीट की।

## 90 फीट रोड से जब्त किए गए चार लावारिस वाहन

**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) ने सड़कों पर बढ़ती यातायात समस्या और पैदल यात्रियों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए लावारिस वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है।



### महापालिका आयुक्त के निर्देश पर हुई कार्रवाई

मनपा आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ के निर्देशानुसार, 6/फ प्रभाग की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर ने डोंबिवली-पूर्व के 90 फीट रोड पर लंबे समय से खड़े लावारिस वाहनों को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान तीन पहिया वाहन और एक चार पहिया वाहन सहित कुल चार वाहनों को जब्त कर खंबालपाड़ा स्थित वाहन तल में जमा किया गया।

### अतिक्रमण निर्मूलन विभाग की सहायता से चला अभियान

अतिक्रमण निर्मूलन विभाग के कर्मचारियों की मदद से इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इसके लिए हाइड्रा और डंपर का उपयोग किया गया। यह कदम स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के बाद उठाया गया है, जिससे यातायात सुचारू होगा और पैदल यात्रियों का आवागमन आसान बनेगा। महानगरपालिका ने स्पष्ट किया है कि सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके।

## उल्हास नदी में प्रदूषण के खिलाफ आंदोलन समाप्त

- टास्क फोर्स का होगा गठन
- विधायक विश्वनाथ भोईर के हस्तक्षेप के बाद नितिन निकम ने खत्म किया अनशन



**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

उल्हास नदी में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ पिछले आठ दिनों से धरने पर बैठे पूर्व नगरसेवक और मी कल्याणकर संस्थान के प्रमुख नितिन निकम ने अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर दिया है। कल्याण पश्चिम के विधायक विश्वनाथ भोईर के हस्तक्षेप और टास्क फोर्स के गठन के आश्वासन के बाद उन्होंने यह फैसला लिया। इस मामले को लेकर मुंबई में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पहल पर नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव असीम गुप्ता, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, विधायक विश्वनाथ भोईर और अन्य अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में उल्हास नदी के प्रदूषण को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जो नदी की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण पर काम करेगी। नदी तल से जलकुंभी और अन्य जल पौधों को हटाने के लिए 10 मशीनें किराए पर ली जाएंगी। उल्हास नदी में गिरने वाले गंदे नालों को बंद करने के लिए एसटीपी प्लांट लगाने की योजना बनेगी, जिसका फंड एमपीसीबी (महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) द्वारा दिया जाएगा। मोहने बांध के पुनर्निर्माण और कल्याण-बदलापुर के बीच नदी तल के शुद्धिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नदी में रासायनिक कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी, टैंकर मालिक, चालक और सहायक के खिलाफ भी मामले दर्ज किए जाएंगे।

# उल्हास और वालधुनी नदियों को प्रदूषण मुक्त करने की योजना पर काम शुरू

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हास और वालधुनी नदियों में बढ़ते प्रदूषण को रोकने और उन्हें स्वच्छ बनाने के लिए नई कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति बनी है। इस संबंध में शुक्रवार को राज्य नगर विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल (MPCB) के अध्यक्ष सिद्धेश कदम की उपस्थिति में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि उल्हास नदी से जलीय संयंत्रों को हटाने का कार्य अगले 15 दिनों में शुरू होगा और इसके लिए मशीनरी किराए पर ली जाएगी। साथ ही, नगर पालिकाएं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य सरकार मिलकर नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करेंगी।

### प्रदूषण रोकने के लिए सामूहिक प्रयास

उल्हास नदी में जलभराव और जलपक्षियों की समस्या को लेकर भी गंभीरता से विचार किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत एनआईआरआई संस्था द्वारा तैयार कार्ययोजना में आवश्यक बदलाव करने और नगरपालिकाओं को अपशिष्ट जल के स्रोतों की पहचान कर उन्हें सही दिशा में मोड़ने का सुझाव सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने दिया।

### प्रदूषण मुक्त करने के लिए 10 मशीनें लगाई जाएंगी



उल्हास नदी में जल प्रदूषण हटाने के लिए MPCB के माध्यम से मशीनरी किराये पर ली जाएगी। अगले 15 दिनों में दस मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) के अतिरिक्त आयुक्त अश्विन मुदगल, ठाणे जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे, विधायक विश्वनाथ भोईर और कुमार आयलानी, कल्याण डोंबिवली मनपा आयुक्त इंदुरानी जाखड़, उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अगले एक महीने में तैयार होगी कार्ययोजना

नगर विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता ने स्थानीय नगर पालिकाओं को MPCB के साथ संयुक्त बैठक कर एक माह के भीतर कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ₹हम आगामी पर्यावरण दिवस पर इस अभियान की घोषणा करेंगे और इसके लिए आवश्यक धनराशि भी उपलब्ध कराई जाएगी।

1,700 घर खरीदारों से धोखाधड़ी

# बिल्डर की 44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई में 1,700 घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के एक मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। महाराष्ट्र के एक बिल्डर एवं उसके सहयोगियों की 44 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई के तहत दुबई में एक विला, मुंबई और पुणे में मकान और भूखंड सहित अचल संपत्तियां जब्त की गई हैं। ईडी बताया कि यह कार्रवाई 'सुप्रीम कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड', इसके प्रवर्तक ललित टेकचंदानी और कुछ अन्य के खिलाफ की गई है। उन पर नवी मुंबई के तलोजा में एक आवासीय परियोजना के सिलसिले में 1,700 से अधिक घर खरीदारों से 400 करोड़ रुपये की रकम इकट्ठा करने का आरोप है। ईडी ने एक बयान में कहा कि परियोजना में देरी के कारण घर खरीदारों को न तो फ्लैट मिला न ही पैसे वापस किये गए। टेकचंदानी को पिछले साल मार्च में ईडी ने गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत जेल में है।

### क्या है मामला?



ईडी ने दावा किया कि उससे की गयी पूछताछ में खुलासा हुआ है कि घर खरीदने वालों से मिली धनराशि का बिल्डर ने निजी लाभ के लिए और अपने परिवार के सदस्यों समेत विभिन्न लोगों नामों से संपत्तियां बनाने के लिए 'धनशोधन' किया। निदेशालय के मुताबिक टेकचंदानी ने कंपनी के स्वामित्व और निदेशक पद से हटने के बावजूद अन्य आरोपियों की सहायता से कंपनी की संपत्तियों का 'हस्तांतरण' किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी कंपनी से आने वाली रकम को एक सहयोगी इकाई के खाते में डाल रहे थे और इस तरह रुपयों की 'हेराफेरी' कर रहे थे।

### पीएमएलए के तहत हुई कार्रवाई

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (PMLA) के तहत दुबई स्थित एक विला, मुंबई में आवासीय व्यावसायिक परिसर, पुणे में भूखंड और सावधि जमाराशि की अस्थायी कुर्की का आदेश जारी किया गया है। इन संपत्तियों की कुल कीमत 44.07 करोड़ रुपये आंकी गई है। एजेंसी ने इससे पहले जांच के तहत 158 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी।

# चैत्र नवरात्रि : गणपतिपुले मंदिर की प्रतिकृति होगी आकर्षण

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे में चैत्र नवरात्रि उत्सव का 30वां वर्ष 30 मार्च से शुरू होगा। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता और पूर्व सांसद राजन विचारे ने बताया कि यह उत्सव हर साल की तरह मसुंदा झील के पास छत्रपति शिवाजी महाराज मैदान में आयोजित होगा।

### गणपतिपुले मंदिर की प्रतिकृति मुख्य आकर्षण



आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस उत्सव में इस बार गणपतिपुले मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई है, जिसकी ऊंचाई 70 फीट होगी। देवी का बैठक मंडप 24×24 फीट का होगा। इसके अलावा, सजावट के तहत श्री राम, श्री हनुमान और श्री राम मंदिर की भव्य प्रतिकृतियां भी स्थापित की जाएंगी।

### गुड़ी पड़वा और सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन

चैत्र नवरात्रि के तहत गुड़ी पड़वा का उत्सव भी रविवार को मनाया जाएगा। साथ ही, नवकुंड सहस्रचंडी महायज्ञ 30 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस महायज्ञ का नेतृत्व प्रसिद्ध यज्ञाचार्य वे.शा.एस. मुकुंदशास्त्री मुले (नासिक) करेंगे।

### लेज़िम टीम और भव्य शोभायात्रा होगी खास

इस बार 300 सदस्यीय लेज़िम टीम विशेष प्रस्तुति देगी। ठाणे जिले भर से वारकरी समुदाय, झांझ दल, बैंड दल, दंडपट्टा दल, घुड़सवार और मावला भी इस भव्य शोभायात्रा में शामिल होंगे। उत्सव के दौरान देवी भक्तों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे भक्तों को आध्यात्मिक अनुभव का आनंद मिलेगा।

# उल्हासनगर में गांजा तस्करी का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

पुलिस ने गांजा तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लाखों रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुलशन नगर, आयडिया घाट इलाके में मोहन लासी नामक व्यक्ति गांजा बेचने के लिए आने वाला है। सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विष्णु ताम्हणे के मार्गदर्शन में अधिकारी लहू सातपुते के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ लिया।

### गांजा, मोटरसाइकिल और मोबाइल जब्त




तलाशी में आरोपी के पास से 4 किलोग्राम 342 ग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल और एक ओप्पो मोबाइल बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत 86,840 रुपये, मोटरसाइकिल की कीमत 50,000 रुपये और मोबाइल की कीमत 10,000 रुपये आंकी गई है। कुल मिलाकर पुलिस ने 1,46,840 रुपये का माल जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहन परशुराम हेमवाणी (48) के रूप में हुई है, जो उल्हासनगर के शिरू चौक, कैंप नंबर-2 का निवासी है।

### एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज

उल्हासनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी यह गांजा कहां से लाया था और इसे किसे बेचने जा रहा था।

## भाजपा सक्रिय सदस्यता अभियान की अवधि 5 अप्रैल तक बढ़ी

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**




ठाणे विभागीय कार्यालय में शनिवार को भाजपा की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में संगठन पर्व, सक्रिय सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान सक्रिय सदस्य बनाने की समयसीमा 5 अप्रैल तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

### सक्रिय सदस्य जोड़ने पर जोर

बैठक में महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, वन मंत्री गणेश नाइक, विधायक चैनसुख संचेती, पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल, कपिल पाटिल, विधायक संजय केलकर, किशन कथोरे, सुलभा गायकवाड़, विक्रांत पाटिल, ठाणे शहर भाजपा अध्यक्ष संजय वाघुले, उल्हासनगर जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, विधानसभा चुनाव प्रमुख जमनु पुरस्वानी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में भाजपा संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य जोड़ने पर जोर दिया गया।

# बिजली दरों में कटौती का ऐलान

**1.5 करोड़ उपभोक्ताओं को अगले पांच साल तक सस्ती बिजली**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

गुड़ी पड़वा के अवसर पर महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने जनता को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार ने बिजली दरों में कटौती का अहम फैसला लिया है। महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (MERC) ने शनिवार देर रात नए टैरिफ की घोषणा की, जिससे राज्य के 1.5 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को अगले पांच वर्षों तक सस्ती बिजली मिलेगी। महाराष्ट्र में बिजली की बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा था। गर्मियों में खपत बढ़ने से स्लैब बदल जाता था, जिससे बिजली बिल अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाता था। खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट इससे प्रभावित होता था। जनता की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए फडणवीस सरकार ने यह निर्णय लिया है।

## बिजली बिल से मिलेगी राहत



### 5 साल में 28% तक घटेगा टैरिफ

टाटा पावर का औसत टैरिफ मौजूदा 9.17 रुपए प्रति किलोवाट घंटा से घटकर 2029-30 तक 6.63 रुपए प्रति किलोवाट घंटा रह जाएगा। यानी पांच वर्षों में 28% की कटौती होगी। कंपनी का दावा है कि यह राज्य के अन्य वितरण कंपनियों की तुलना में सबसे कम टैरिफ होगा।

### 1 अप्रैल से लागू होंगी नई दरें

महाराष्ट्र में हर साल औसतन 9% की वृद्धि के साथ बिजली की कीमतें बढ़ती रही हैं। लेकिन इस बार महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (MSEDCL) ने पहली बार दरों में कटौती का प्रस्ताव रखा, जिसे सरकार ने मंजूरी दी। अब 1 अप्रैल 2024 से नई दरें लागू होंगी, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ उद्योग जगत को भी राहत

### टाटा पावर ने जताई प्रतिबद्धता

टाटा पावर ने भी अपनी 8 लाख आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए किफायती बिजली उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई है। MERC द्वारा 2025-30 तक बहुवर्षीय टैरिफ (MYT) प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद, टाटा पावर का टैरिफ 0-100 और 100-300 किलोवाट घंटा श्रेणी में कम रखा गया है।

# तेज रफ्तार कार ने टैक्सी को मारी टक्कर

**2 लोगों की हुई मौत**

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के दादर इलाके में एक फ्लाइओवर पर तेज रफ्तार कार और टैक्सी की टक्कर में टैक्सी चालक और एक महिला यात्री की मौत हो गई। पुलिस ने कार चला रहे 21 वर्षीय युवक को मौके से हिरासत में ले लिया है। शुरुआती जांच में यह मामला लापरवाही और तेज गति से गाड़ी चलाने का पाया गया है।





### पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुलिस ने प्रियांशु बांद्रे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, यह हादसा लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने के कारण हुआ। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी नशे की हालत में तो नहीं था।

### टैक्सी चालक और महिला यात्री की मौत

इस दर्दनाक हादसे में टैक्सी चालक और उसमें सवार 55 वर्षीय महिला यात्री रेखा परमार की मौत हो गई। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 1:15 बजे एल्फिन्सटन ब्रिज पर हुई, जब प्रियांशु बांद्रे (21) नामक युवक की कार दादर रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। पुलिस के अनुसार, प्रियांशु बांद्रे ने कार से नियंत्रण खो दिया, जिससे उसकी गाड़ी उत्तर दिशा की लेन से दक्षिण दिशा की लेन में आ गई और सामने से आ रही टैक्सी से टकरा गई। हादसे की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को हिरासत में लिया।

# अजित पवार के कृषि ऋण माफी बयान का एकनाथ शिंदे ने किया बचाव

दोपहर संवाददाता | मुंबई/पुणे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के कृषि ऋण माफी को लेकर दिए बयान के बाद राज्य की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने महायुति सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने चुनावी वादों की याद दिलाते हुए अजित पवार से सवाल पूछा। अब इस मामले में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अजित पवार के समर्थन में उतर आए हैं। शिंदे ने शनिवार को कहा कि सरकार घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेगी।



उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की ऋण माफी को लेकर कोई 'मुद्रण त्रुटि' नहीं है, बल्कि सरकार अपने सभी वादों को पूरा करेगी।

### छत्रपति संभाजी महाराज को दी पुष्पांजलि

इस बीच, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर पुणे जिले के तुलापुर में उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि ₹छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान दिवस पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।₹ इस मौके पर स्मारक समिति के सोमनाथ भंडारे और अन्य सहयोगी भी मौजूद रहे।

### लाडकी बहिन योजना की राशि बढ़ेगी

शिंदे ने कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति मजबूत करने के बाद लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाली मासिक सहायता 1,500 से बढ़ाकर 2,100 की जाएगी। गौरतलब है कि अजित पवार ने हाल ही में किसानों को सलाह दी थी कि वे कृषि ऋण माफी का इंतजार न करें और समय पर अपनी किस्तों का भुगतान करें। उन्होंने राज्य की वित्तीय स्थिति का संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया था।

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड**

# पत्नी ने अदालत से कार्यवाही में हस्तक्षेप की अनुमति मांगी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के दिवंगत नेता बाबा सिद्दीकी की पत्नी शहजीन सिद्दीकी ने अदालत में एक आवेदन दायर कर मामले से संबंधित कार्यवाही में हस्तक्षेप की अनुमति मांगी है। शहजीन सिद्दीकी की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका में कहा गया है कि उनके पति की हत्या से उन्हें अपूरणीय क्षति हुई है और घटना से जुड़े सच्चे तथ्यों को रिकॉर्ड में रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। याचिका में यह भी कहा गया कि मामले के कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए। यह याचिका विशेष मकोका न्यायाधीश बी.डी. शेल्के के समक्ष दायर की गई है, और इस पर अगली सुनवाई 7 अप्रैल को होगी। बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर 2023 को मुंबई के बांद्रा इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने 26 गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया है, जबकि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई और दो अन्य को वांछित आरोपी बनाया गया है। शहजीन सिद्दीकी ने हत्या के पीछे की साजिश और अन्य संभावित आरोपी व्यक्तियों पर भी गहन जांच की मांग की है।

# कुणाल कामरा को 'भारत विरोधी' विदेशी संगठनों से मिल रहा फंड : निरुपम

दोपहर संवाददाता | मुंबई

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कॉमेडियन कुणाल कामरा को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि, कुणाल कामरा को 'भारत विरोधी' विदेशी संगठनों से पैसा मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कुणाल कामरा पर विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन का भी आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले में केंद्रीय एजेंसियों से संपर्क करेगी। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शिवसेना नेता संजय निरुपम ने दावा किया कि कुणाल कामरा को कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, सऊदी अरब और अन्य अरब देशों के दानदाताओं से चार करोड़ रुपये मिले हैं। बता दें कि, कॉमेडियन कुणाल कामरा के विवादित बयान ने महाराष्ट्र में

### 'कई देशों के दानदाताओं से मिले चार करोड़ रुपए'



राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पर विवादित टिप्पणी की थी। शिवसैनिकों ने उस स्टूडियो में तोड़फोड़ की जहां कुणाल कामरा ने शो में विवादित की थी।

### 'भारत विरोधियों से मिल रहा पैसा'

शिवसेना नेता ने कहा, 'जो लोग पैसे भेज रहे हैं, वे ज्यादातर एक समुदाय से हैं। क्या उन्हें (कामरा) मदद करने के लिए फतवा जारी किया गया है? यह एफसीआरए का उल्लंघन है।' संजय निरुपम ने दावा किया कि कुणाल कामरा को भारत विरोधी लोगों और संगठनों से धन मिल रहा है।

### कुणाल कामरा अब बच नहीं सकते : संजय निरुपम

उन्होंने कहा, 'कुणाल कामरा के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। हम देशद्रोहियों और भारत विरोधी संगठनों से पैसे लेने और भारत को बदनाम करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों से उनके खिलाफ शिकायत करेंगे। कुणाल कामरा अब बच नहीं सकते।' शिवसेना नेता ने यह भी आरोप लगाया कि कॉमेडियन को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के निवास मातोश्री से फंड मिलता था और वह उनके प्रभाव में था।

# दिशा सालियान की मौत में पिता भी जिम्मेदार

**मुंबई पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट ने चौंकाया**

दोपहर संवाददाता | मुंबई

सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद उनकी पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की कथित आत्महत्या पर भी सवाल उठने लगे हैं। दिशा के पिता सतीश सालियान इसे सुसाइड नहीं, बल्कि हत्या करार दे रहे हैं और इस मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे पर एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, मुंबई पुलिस ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट में इसे आत्महत्या करार दिया है। पुलिस ने दावा किया कि दिशा डिप्रेशन में थीं, जिसका कारण कुछ असफल प्रोजेक्ट्स, दोस्तों के साथ गलतफहमी और उनके पिता द्वारा उनके पैसों के गलत इस्तेमाल को बताया गया है।



### क्या कहती है पुलिस जांच?

मुंबई के मलाड स्थित जनकल्याण नगर में दिशा सालियान ने 8 जून 2020 को अपनी इमारत की 12वीं मंजिल से कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। मामले की जांच कर रही मालवणी पुलिस ने 4 फरवरी 2021 को क्लोजर रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारी को सौंपी थी। पुलिस जांच में सामने आया कि दिशा कुछ एक्टर्स के साथ अपनी कंपनी की ओर से बातचीत कर रही थीं। उनके दोस्तों और गवाहों के बयान दर्ज किए गए, जिसमें यह बात सामने

### पिता ने कोर्ट से सीबीआई जांच की मांग की

हाल ही में, दिशा के पिता सतीश सालियान ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर नए सिरे से जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिशा के साथ दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने जांच को सीबीआई को सौंपने और आदित्य ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की। इस पर आदित्य ठाकरे ने कहा है कि वह याचिका में लगाए गए आरोपों का जवाब अदालत में देंगे।

### सुशांत मामले में भी दाखिल हुई क्लोजर रिपोर्ट

उधर, सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में सीबीआई ने भी हाल ही में मुंबई की कोर्ट में अपनी क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है, जिसमें किसी तरह की गड़बड़ी की आशंका से इनकार किया गया है। रिपोर्ट में रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार को भी क्लीन चिट दे दी गई। इस पूरे मामले को लेकर राजनीतिक विवाद भी तेज हो गया है, जबकि मुंबई पुलिस की विशेष जांच दल (SIT) की रिपोर्ट का अब भी इंतजार किया जा रहा है।

**सैफ अली खान हमला प्रकरण**

# आरोपी ने किया बेकसूर होने का दावा

**कोर्ट में दायर की जमानत याचिका**

दोपहर संवाददाता | मुंबई

अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम शेहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर उर्फ विजय गोपाल दास ने अपने वकील अजय गवली के माध्यम से मुंबई सत्र न्यायालय में जमानत याचिका दायर की है। यह मामला वर्तमान में बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा है, लेकिन यह सत्र न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाला मामला है।

### जमानत याचिका में क्या कहा गया?

याचिका में कहा गया है कि शरीफुल इस्लाम ने कोई अपराध नहीं किया है और एफआईआर झूठी है। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि सभी जरूरी सबूतों की बरामदगी और जांच पूरी हो चुकी है और केवल चार्जशीट दाखिल किया जाना बाकी है। याचिका में कहा गया, ₹आवेदक (शरीफुल इस्लाम) ने जांच में पूरा सहयोग किया है। ऐसे में उसे हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि इससे उसे मुकदमे से पहले ही सजा देने जैसा होगा। इसलिए उसे जमानत दी जानी चाहिए।

### अभियोजन पक्ष का क्या कहना है?

शरीफुल इस्लाम के वकील अजय गवली का कहना है कि पुलिस के पास पहले ही सभी महत्वपूर्ण सबूत मौजूद हैं, जिसमें सीसीटीवी फुटेज और कॉल रिकॉर्ड शामिल हैं।

# सीएम फडणवीस ने किए श्री तुलजा भवानी देवी के दर्शन

**अगले 2 वर्षों में तुलजापुर के परिवर्तन का दिया आश्वासन**

दोपहर संवाददाता | मुंबई/धाराशिव

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने श्री क्षेत्र तुलजापुर में कुलस्वामिनी माता तुलजाभवानी देवी के दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर प्रशासन की ओर से जिला कलेक्टर कीर्ति किरण पुजारी ने श्रद्धालुओं का कावड़िये की माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर फडणवीस ने तुलजाभवानी मंदिर के जीर्णोद्धार और ऐतिहासिक स्तंभ कलाकृति का अनावरण किया गया। मुख्यमंत्री फडणवीस के साथ मित्रा के उपाध्यक्ष राणा जगजीतसिंह पाटिल, तुलजापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक, विभागीय आयुक्त दिलीप गावड़े, विशेष पुलिस महानिरीक्षक वीरेंद्र मिश्रा, जिला कलेक्टर कीर्ति किरण पुजारी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मैनाक घोष और पुलिस अधीक्षक संजय जाधव उपस्थित थे। फडणवीस ने मंदिर क्षेत्र में पुरातत्व विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर के छत्रपति शिवाजी महाराज प्रवेश द्वार का भी निरीक्षण किया और उपस्थित लोगों से बातचीत की।



### योजना के महत्वपूर्ण बिंदु

तुलजापुर को विश्वस्तरीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने तथा स्थानीय नागरिकों की भागीदारी से सतत विकास प्राप्त करने के लिए तुलजापुर विकास योजना लागू की जाएगी। जिला कलेक्टर ने यह भी कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन से श्रद्धालुओं को होने वाली असुविधा कम होगी तथा श्री तुलजा भवानी देवी के दर्शन सुगमतापूर्वक एवं शीघ्र हो सकेंगे। इस योजना के क्रियान्वयन के माध्यम से विद्यमान अवसंरचना का गुणात्मक विकास कर नई अवसंरचना सुविधाएं सृजित करने का कार्य किया जाएगा।

### योजना में महत्वपूर्ण कार्यों के लिए तत्काल वित्तपोषण

- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आश्वासन दिया कि सरकार ने तुलजापुर विकास योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और महत्वपूर्ण कार्यों के लिए तुरंत धन वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि योजना के तहत किए गए कार्यों से अगले दो वर्षों में तुलजापुर का कायाकल्प हो जाएगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तुलजा भवानी माता के दर्शन किए। इसके बाद मंदिर के प्रशासनिक भवन के सभागार में मुख्यमंत्री के समक्ष तुलजापुर विकास योजना प्रस्तुत की गई।

### 1866 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी

- प्रस्तुतीकरण के दौरान जिला कलेक्टर पुजारी ने बताया कि विकास योजना को क्रियान्वित करने के लिए कुल 73 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना आवश्यक है और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक में तुलजापुर विकास योजना के लिए 1866 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गई। इस मामले पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को भूमि अधिग्रहण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे योजना के काम में भी तेजी आएगी।

**20 मई को महाराष्ट्र बंद**

# श्रम एवं जन सुरक्षा अधिनियम के खिलाफ मजदूरों की हड़ताल




दीपक पवार | मुंबई

अगर केंद्र सरकार चार श्रम संहिताओं को रद्द नहीं करती और महाराष्ट्र में सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पब्लिक सिक्योरिटी एक्ट) वापस नहीं लेती, तो 20 मई को मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में मजदूर, किसान और मेहनतकश नागरिक हड़ताल पर जाएंगे। यह चेतावनी मजदूर संघ कार्य समिति के नेताओं ने दी है। राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ के महात्मा गांधी हॉल, परेल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में किसान नेता डॉ. अजीत नवले ने कहा कि सरकार को इन जनविरोधी कानूनों को तुरंत वापस लेना चाहिए।

उन्होंने किसानों के संघर्ष की याद दिलाते हुए कहा, जिस तरह हमने किसान कानूनों को वापस करवाया, उसी तरह यह लड़ाई भी जीतनी होगी। जब तक ये मजदूर-विरोधी और किसान-विरोधी कानून जमीन में दफन नहीं हो जाते, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### विधायक सचिन अहीर का विरोध और मजदूरों का समर्थन

भारतीय कामगार सेना के महासचिव विधायक सचिन अहीर ने कहा, ₹हम इन कानूनों के खिलाफ सड़क पर भी लड़ेंगे और सदन में भी आवाज उठाएंगे।₹ उन्होंने यह भी खेद जताया कि आज विधानसभा में मजदूरों की समस्याओं को उठाने वाला कोई नहीं है।

**CHANGE OF NAME**

मैं, विजय कुमार दुबे, पुत्र श्री राकेश दुबे, निवासी 928, वाघोबा नगर, कलवा-400605, मै घोषणा करता हूं कि मैंने सभी प्रयोजनों के लिए अपना नाम परिवर्तित कर विजय दुबे रख लिया है।

**पश्चिम रेलवे**

**एयर कंडीशनिंग के लिए परामर्श सेवाएँ**

वरिष्ठ डीईई/पी/बीसीटी, पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल, **निविदा सूचना संख्या: ईएल-4-2-379-डब्ल्यूए-36 (आर-2) दिनांक 26-03-2025 (दो पैकेट सिस्टम) आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** पश्चिमी रेलवे मुख्यालय कार्यालय के जीएलओ, एनेक्स बिल्डिंग और चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग की एयर कंडीशनिंग के लिए चर्चगेट परामर्श सेवाएँ। **कार्य की अनुमानित लागत: 19,47,000.00/-। ईएमडी: 38,900/-। जमा करने की तिथि और समय:** 23.04.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 23.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 1245

लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल **ई-टेंडर नोटिस संख्या: बीसीटी/24-25/321 दिनांक 28.03.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान: उधना उकाई सोनगढ़ - थ्रू-स्लीपर नवीनीकरण (पी)-23.059 टीकेएम ठेकेदार के पीक्यूआरएस पोर्टल द्वारा। (एस एंड टी भाग सहित समग्र निविदा)। कार्य की अनुमानित लागत:** 5,72,45,494.29, **ईएमडी:** 4,36,200.00। **प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 25/04/2025, 15:00 बजे। **खुलने की तिथि और समय:** 25/04/2025 को 15:30 बजे। **नोट:** कृपया निविदा दस्तावेज, शुद्धिपत्र और अन्य विवरण डाउनलोड करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 1249

लाइक करें : facebook.com/WesternRly

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## संपादकीय

# बंदूक और नक्सलवाद

छत्तीसगढ़ में भारतीय सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कम से कम 17 माओवादियों की मौत हुई है। पिछले साल माओवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों के अभियान में 287 माओवादी मारे गए.सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इनमें सबसे ज्यादा माओवादियों की मौत छत्तीसगढ़ में हुई थी। दशकों से चले आ रहे नक्सल आंदोलन में अब तक 10,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। छत्तीसगढ़ सबसे ज्यादा और लंबे समय से नक्सलवाद की समस्या से जूझ रहा है। यह सिर्फ कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक असमानताओं से उपजी एक जटिल समस्या है। राज्य के बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जैसे जिले नक्सली हिंसा के प्रमुख केंद्र रहे हैं, जहाँ दशकों से विकास की गति धीमी रही है। नक्सलवाद का उदय आदिवासी और वंचित समुदायों की उपेक्षा, उनके जल-जंगल-जमीन से बेदखली और रोजगार के सीमित अवसरों की पृष्ठभूमि में हुआ। इन परिस्थितियों ने स्थानीय लोगों में असंतोष को जन्म दिया, जिसका लाभ नक्सली संगठनों ने उठाया और राज्य विरोधी हिंसा को अंजाम दिया। सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए हैं, जिनमें सुरक्षात्मक कार्रवाई, विकास योजनाएँ और आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने कई इलाकों में नक्सलियों की पकड़ को कमजोर किया है, जिससे हिंसा की घटनाएँ कुछ हद तक घटी हैं। साथ ही, सड़कों का निर्माण, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा और युवाओं को रोजगार देने के प्रयास किए गए हैं। हालाँकि, दुर्गम इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, प्रशासन की सीमित पहुँच और सरकार पर स्थानीय लोगों का अविश्वास अब भी बड़ी चुनौतियाँ हैं। नक्सलवाद केवल गोली और बंदूक से नहीं मिटाया जा सकता, इसके लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। विकास और सुरक्षा के संतुलन के साथ-साथ जब तक स्थानीय लोगों को न्याय और समावेशी विकास का भरोसा नहीं मिलेगा, तब तक नक्सलवाद की समस्या बनी रहेगी। छत्तीसगढ़ को हिंसा मुक्त बनाने के लिए एक दीर्घकालिक, संवेदनशील और समावेशी नीति अपनाने की जरूरत है, ताकि यह राज्य अपने प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विरासत के साथ शांति और समृद्धि की ओर बढ़ सके।

## शख्सियत — आनंद बख्शी

### भारतीय कवि और गीतकार



आनंद बख्शी (21 जुलाई 1930 - 30 मार्च 2002) लोकप्रिय भारतीय कवि और फ़िल्मी गीतकार थे। ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के रावलपिंडी (अब पाकिस्तान में है) में इनका जन्म हुआ था। 1947 में बटवारे में परिवार लखनऊ आ बसा। बॉलीवुड फिल्मों के लिए एक से बढ़कर एक गाने लिखने वाले गीतकार आनंद बख्शी की कहानी एक ऐसे मुसाफिर की है जिसने अपनी अंतरात्मा के संगीत को दुनिया के कानों तक पहुंचाने के लिए सेना से मायानगरी तक का सफर किया।

बॉलीवुड फिल्मों के लिए एक से बढ़कर एक गाने लिखने वाले गीतकार आनंद बख्शी की कहानी एक ऐसे मुसाफिर की है जिसने अपनी अंतरात्मा के संगीत को दुनिया के कानों तक पहुंचाने के लिए सेना से मायानगरी तक का सफर किया। 21 जुलाई 1930 को पाकिस्तान के रावल पिंडी में जन्मे आनंद बख्शी ने 1983 में दूरदर्शन को दिए एक इंटरव्यू में बॉलीवुड तक के अपने दिलचस्प सफर की कहानी सुनाई थी। बख्शी ने बताया था कि उन्होंने शुरुआती पढ़ाई के दौरान 20 वर्ष की उम्र में भारतीय सेना को ज्वाइन किया था, जहां समय की कमी के कारण वह कभी कभार ही लिख पाते थे लेकिन जब भी वक्त मिलता था तो वह अपनी कविताएं लिखना जारी रखते थे। वह अपने सैन्य दल से संबंधित कार्यक्रमों अपने लिखे गानों का इस्तेमाल करते थे। 2 वर्ष 4 महीने और 12 दिनों तक सेना में काम करते हुए वह मायानगरी के लिए भी प्रयास करते रहे। इससे पहले उन्होंने महज 14 वर्ष की उम्र में रॉयल इंडियन नेवी को भी ज्वाइन किया था। उन्होंने रॉयल इंडियन नेवी में बतौर कैडेट काम किया था। लेकिन वह गायक बनने बम्बई पहुँचें। सेना को छोड़ने का फैसला उनका ही था लेकिन वह बतौर वॉलिटिंयर सेना से जुड़े रहे थे और 1956 में इससे भी मुक्ति पा ली थी। 1956 में ही वह गायक, गीतकार, अभिनेता और संगीत संगीतकार के तौर पर काम खोजने के लिए मुंबई चले गए। उन्होंने हिमालय की गोद में (1965), जब जब फूल खिले (1965), मिलन (1967) के लिए शानदार गाने लिखे। सबसे पहले उन्हें 1958 में भगवान दादा की फिल्म भला आदमी में गीत लिखने का मौका मिला। 1969 की आराधना के गीत भी उन्होंने लिखें थे। इसका 'मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू' को गायक किशोर कुमार, अभिनेता राजेश खन्ना और संगीतकार आर॰ डी॰ बर्मन की सफलता में बहुत श्रेय दिया जाता है। गाने के बोल है- बागों में बहार आई होठों पे पुकार आई। इसमें लता मंगेशकर ने उनका साथ दिया। उन्होंने अपने करियर में बॉलीवुड के तकरीबन सभी दिग्गज कलाकारों, संगीतकारों, गायक-गायिकाओं के साथ काम किया। 30 मार्च 2002 को मुंबई के नानवती अस्पताल में उन्होंने 72 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली।

# टीआरपी की भेड़चाल से हुआ अन्याय



क्षमा शर्मा

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के केस में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। यानी इस मामले को अब बंद कर दिया गया है। आपको याद होगा कि सुशांत ने आत्महत्या की थी और उनके घर वालों ने फिल्मों में पहचान बनाने आई और सुशांत की मित्र रिया चक्रवर्ती को भी अभियुक्त बनाया था। उसे सत्ताईस दिन जेल में भी रहना पड़ा था। जबकि सीबीआई को रिया के खिलाफ कोई सुबूत नहीं मिले। यह हमारी व्यवस्था की सफलता है कि उन्होंने एक निरपराध लड़की को कम से कम अपराध मुक्त किया। वरना तो पता नहीं इस लड़की और उसके परिवार का क्या होता। पच्चीस साल की एक लड़की ने इस मामले का सामना कैसे किया होगा, यह सोचने की बात है। इस लड़की पर आरोप क्या लगे थे, इसे अपराधी बना दिया गया था। चार-चार एजेंसियां इसके पीछे लगी थीं। रिया के घर के बाहर मीडिया का भारी जमावड़ा कई दिनों तक लगा रहा। हर कोई ऊंची से ऊंची आवाज में उसे अपराधी साबित करने पर तुला था। आरोप लगने भर से उसे अपराधी मान लिया गया था। चैनल्स के लोग बाहर खड़े किस-किस तरह के अपशब्द बोल रहे थे। अरे रिया बाहर निकल। कहां छिपी है। सुशांत को खा गई। उसके पैसे के लिए उसे मार डाला। बहुत-सी तो ऐसी बातें जो लिखी भी नहीं जा सकतीं। लेकिन सरेआम बोलने वालों को कोई शर्म नहीं आ रही थी। यह देखकर भी हैरत होती है कि कोई भी स्त्रीवादी उस समय रिया के समर्थन में नहीं बोला था। न ही कोई उसकी मदद के लिए सामने आया था। महिला आयोग भी चुप्पी साधे रहे थे। क्या रिया लड़की नहीं थी। उसके कोई अधिकार भी नहीं थे।

रिया के पिता जो सेना में डाक्टर रहे हैं, उन्होंने उस वक्त कहा भी था कि एक मध्यवर्गीय परिवार को नष्ट कर दिया गया है। उसकी मां बीमार पड़ गई थीं। उस बहुमंजिली सोसायटी में रहने वाले अड़ोसी-पड़ोसी की नजरों में उसका सम्मान नष्ट कर दिया गया था।

रही-सही कसर इन आरोपों ने भी पूरी कर दी थी कि सुशांत को हाल ही में पंद्रह करोड़ रुपये मिले थे। शायद रिया ने वे भी हड़प लिए। उस पर ड्रग सप्लाई करने के भी आरोप लगाए गए थे।जो फिल्में रिया ने साइन की थीं, उनसे उसे निकाल दिया गया था। वह जैसे इस निर्मम दुनिया का सामना करने के लिए अकेली थी। अकेली ही उसे उन सभी आरोपों का सामना करना पड़ रहा था जिनके लिए वह जिम्मेदार भी नहीं थी। बाद में यह भी पता चला था कि सुशांत ने जो पंद्रह करोड़ रुपये मिलने की बात अपने घर वालों को बताई थी, वे रुपये कभी उसके अकाउंट में आए ही नहीं थे। कई चैनलों ने हफ्तों तक इस मामले को तूल दिया था और बहुत हल्ला मचाया था। सुशांत की पूर्व महिला मित्र भी मीडिया में आकर रात-दिन बयान दे रही थी कि वह आत्महत्या तो कर ही नहीं सकता। वह इतना कमजोर लड़का नहीं था। हालांकि, यह बात भी सामने आई थी कि सुशांत को गहरा अवसाद था। इसकी वजह यह भी बताई गई थी कि चूंकि वह फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं है, इसलिए अच्छा काम करने के बावजूद, रोल्स में उसे प्राथमिकता नहीं मिलती है। सुशांत की मृत्यु ने बिहार के लोगों को भी उद्वेलित किया था। वे इसे अपने सम्मान का मामला मानने लगे थे।

जो भी हो, इस पूरे मामले में पांच साल पहले मीडिया के एक वर्ग ने रिया को खलनायिका साबित कर दिया था। इस तरह के मीडिया ट्रायल का सामना इससे पहले शायद किसी युवा अभिनेत्री ने नहीं किया था। एक लड़की का अच्छा भला करिअर, उसकी प्रतिष्ठा, सब बर्बाद कर दी गई थी। सिर्फ रिया ही क्यों, उसके पूरे परिवार ने इस दौरान क्या-क्या नहीं झेला होगा। वैसे भी भारतीय समाज में तो लड़की पर एक उंगली उठी नहीं कि वह खलनायिका बनी नहीं। फिर उसे कहीं से कोई माफी नहीं मिलती। उंगली उठाने वाला चाहे संसार का सबसे बड़ा अपराधी ही क्यों न हो, मगर क्योंकि वह उंगली लड़की की तरफ उठी है, तो उसे अपराधी मान ही लिया जाएगा। वैसे भी आरोपी को अपराधी बनाना और लगातार मीडिया बैशिंग तथाकथित स्वतंत्र चैनल्स का बड़ा भारी शौक भी है। बाद में जिसको लगातार अपराधी बनाया गया, उसे अदालत ने बरी भी कर दिया तो चैनल्स कभी शर्मिंदा नहीं होते। न ही अपने किए पर पश्चाताप करते हैं या माफी मांगते हैं। जिस फिल्म इंडस्ट्री में कोई किसी का सगा नहीं, वहां भला रिया को बचाने आता भी कौन। उसने पूरी लड़ाई अपने परिवार के साथ अकेले ही लड़ी। और इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। अक्सर नेगेटिव पब्लिसिटी के बारे में कहा जाता है कि वह रातोरात आपको घर-घर में लोकप्रिय कर देती है। लोग बात तो भूल जाते हैं मगर चेहरे को याद रखते हैं। एक बार मशहूर अभिनेत्री और फिल्मकार महेश भट्ट की बेटी पूजा भट्ट ने कहा था कि कोशिश करनी चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा नेगेटिव पब्लिसिटी हो। पूजा भट्ट शायद बिना किसी मुसीबत के नेगेटिव पब्लिसिटी को झेल सकती थीं, क्योंकि वह महेश भट्ट की बेटी थीं। फिल्मी बैकग्राउंड से होने का लाभ भी था। लेकिन रिया जैसी साधारण लड़कियों के लिए तो हत्या जैसे अपराध के मामले में आरोपी बना दिया जाना एक बहुत बड़ी मुसीबत की तरह था। रही-सही कसर मीडिया ने पूरी कर दी थी। उस समय भी इस लेखिका ने अपने इसी अखबार में लिखा था कि यदि रिया पर कोई आरोप साबित नहीं हुआ, तो क्या वे लोग, जो रात-दिन उसे अपराधी साबित कर रहे हैं, माफी मांगेंगे। हुआ भी यही। सीबीआई ने केस बंद कर दिया। रिया के खिलाफ कोई आरोप साबित तक नहीं हुआ। तब भी उसने बार-बार कहा था कि न वह घटनास्थल पर मौजूद थी, न ही कई दिनों से सुशांत से उसकी बातचीत हुई थी। लेकिन उस समय तो सारे ज्ञानी यही कह रहे थे कि पकड़े जाने पर हर अपराधी अपने को निर्दोष ही बताता है।कहने का अर्थ यह कि आज रिया आरोपमुक्त हो चुकी है। हालांकि हाल ही में सुशांत राजपूत की मैनेजर दिशा सालियान की आत्महत्या के मामले में उनके पिता ने मुम्बई हाईकोर्ट में अपील दायर की है। जिसमें मांग की गई है कि उनकी बेटी के मामले पर फिर से विचार किया जाए। इसमें उन्होंने रिया चक्रवर्ती का नाम भी लिया है। लेकिन लगता है कि इस मामले में भी रिया निर्दोष ही साबित होगी। बहुत झेल लिया इस लड़की ने। अब तो उसे मुक्ति दो। किसी लड़की की किसी से दोस्ती हो और वह लड़का आत्महत्या कर ले, तो जब तक प्रमाण लड़की के खिलाफ न हों मीडिया को इस तरह शिकारी की भूमिका निभानी नहीं चाहिए कि लड़की का जीवन ही बर्बाद हो जाए। न्याय की बात टीआरपी को एक किनारे रखकर की जाए तो बेहतर है।

## जीवन मंत्र

# कैसे मिलेगी शांति

> जैसे समुद्र की सतह पर हलचल रहती है, पर नीचे गहराई में यह पूर्णतः शांत रहता है। जब आप उस गुण के साथ अच्छा तालमेल बिठा लेंगे, तभी वास्तविक शांति को जान पाएंगे।
> प्रेम-करुणा और क्रोध-घृणा की शक्तियां संसार में हमेशा कार्य करती रही हैं।

यह झूले के खेल की तरह है। सवाल यह है कि आप झूले के किस सिरे को वजनदार करना चाहते हैं? जैसे ही आप ऐसी चीजों में विश्वास करने लगते हैं, जो आपके अनुभव में नहीं है, स्वाभाविक रूप से आप द्वंद्व में जीने लगते हैं। कृपया इस पर ध्यान दें। आज आप एक शांत व्यक्ति हैं, लेकिन कल अगर कोई आपकी मान्यताओं और परंपराओं का विरोध करने लगे, तो आप उससे तुरंत झगड़ने लगेंगे।विश्वास में जीने में क्या बुद्धिमानी है? विश्वास में जीने से क्या लाभ है? सिर्फ इतना कि आपका अहं संतुष्ट होता है। 'मैं नहीं जानता' अहं के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। 'मैं जानता हं' एक ऐसा तरीका है, जिससे आप अपने अहं को बढ़ावा दे सकते हैं। किसी खास स्थिति में, जब आप कहते हैं कि मैं नहीं जानता, आप किसी के साथ लड़ने के योग्य नहीं रह जाते, आप विरोध के योग्य नहीं रह जाते। आप अत्यंत विनम्र और बेहद अच्छे इंसान हो जाते हैं। जब तक आप अपने अंदर शांति लाने के योग्य नहीं हैं, आप भला विश्व में शांति स्थापित करने के योग्य कैसे हो सकते हैं? अगर



इस छोटे से मन को आप शांत नहीं कर सकते, तो क्या आप विश्व में शांति पैदा कर सकते हैं?आप संसार में जो भी देख रहे हैं। क्या संसार में ऐसी कोई चीज हो रही है, जो आपके मन में नहीं हो रही? वही हो रही है।योग-विज्ञान अपने भीतर देखने का एक ढंग है। किसी खास दृष्टिकोण से नहीं देखना, सिर्फ भीतर देखना। यदि आप किसी चीज से अपनी पहचान बना लें, तो आप भीतर नहीं देख सकते। जैसे ही आप किसी चीज से अपनी पहचान बनाते हैं, आपके लिए सारे दरवाजे बंद हो जाते हैं। आपका सोचना और महसूस करना इस पर निर्भर करता है कि इस वक्त आपने अपनी पहचान किससे बनाई है !अपनी पहचान को मिटाने और सच्ची शांति का अनुभव करने में ध्यान आपकी मदद करता है। जब आप ध्यान करते हैं, तो कम से कम उस वक्त तो आपके लिए कुछ भी और मायने नहीं रखता। सिर्फ आपका वजूद बच जाता है, वहां और कुछ भी शेष नहीं रहता।शांति का मतलब है शून्यता या रिक्तता। शांति कोई ऐसी चीज नहीं, जिसे आप पैदा करते हैं। शांति ऐसी चीज है, जो सदैव है। सतह पर जो होता है, व्यवधान है, उपद्रव है। यह ठीक समुद्र जैसी है। समुद्र की सतह पर हलचल रहती है, पर नीचे गहराई में यह पूर्णतः शांत रहता है। जब आप उस गुण के साथ अच्छा तालमेल बिठा लेंगे, तभी वास्तविक शांति को जान पाएंगे।

## जीवन ऊर्जा

विन्सेट वान गॉग : जन्म 30 मार्च 1853 — जन्म

> विन्सेट वान गॉग का जन्म 30 मार्च 1853 को नीदरलैण्ड के गांव जूर्डेट में हुआ था। उन्होने बेलिज्यम के बोरिनाज में खान मजदूरों के लिए मिशनरी का काम किया। यही से उनकी चित्रकारी की राह तैयारी हुई। विन्सेंट वैन गो नीदरलैण्ड के प्रसिद्ध चित्रकारों में से एक थे। उन्हें संसार के महानतम चित्रकारों में गिना जाता है। उनकी पर-प्रभाववादी चित्रकारी ने 20वीं शताब्दी की आधुनिक कला पर अमिट छाप छोड़ी। विन्सेंट वैन गो का निधन 29 जुलाई 1890 में हुआ।

# प्रकृति से सच्चा प्यार करते हैं, तो आपको हर जगह सुंदरता मिलेगी

जब इंसान मुश्किल दौर से गुजर रहा हो तब उसे प्रेरणा की जरूरत होती है। ऐसे में मुश्किलों को पार करके अपने हुनर का लोहा मनवाने लोगों के जीवन से प्रेरणा मिलती है। अगर हमने कुछ भी प्रयास करने का साहस नहीं है, तो जीवन का क्या होगा ? जो कोई बहुत ज्यादा प्यार करता है, वह बहुत कुछ कर सकता है और प्यार में किया जाता है वह अच्छी तरह से किया जाता है। अगर आप प्रकृति से सच्चा प्यार करते हैं, तो आपको हर जगह सुंदरता मिलेगी। महान चीज़ें एक साथ लाई गई छोटी चीज़ों की एक श्रंखला द्वारा की जाती हैं। मैं पेंटिंग का सपना देखता हूं और फिर मैं अपने सपने को रंग देता हूं। विवेक मनुष्य की करूणा है। उच्च स्तर पर तारों और अनंत के बारे में स्पष्ट रूप से अवगत रहें , तब जीवन



लगभग मुग्ध हो गया लगता है। लोगों से प्यार करने के अलावा और कुछ भी सही मायने में कलात्मक नहीं है। मैं हमेशा वही करता हूं जो मैं अभी तक नहीं कर सका हूं , ताकि यह सीख सकूं कि यह कैसे करना है। भगवान को जानने का सबसे अच्छा तरीका चीज़ों से प्यार करना है। मैं ऊब की बजाय जुनून से भर जाऊंगा। मैंने अपना दिल और आत्मा अपने काम में लगा दिया , और मैंने इस प्रकार में अपना दिमाग खो दिया है। मैं अक्सर सोचता हूं कि रात अधिक जीवित है और दिन की तुलना में अधिक समर्द्ध है। सामान्य - एक पक्की सड़क है. यह चलने के लिए आरामदायक है , लेकिन इस पर कोई फूल नहीं उगते हैं। मैं चाह रहा हूं, मैं प्रयास कर रहा हूं, मैं पूरे दिल से इसमें हूं। शुरूआत शायद किसी भी चीज़ से अधिक कठिन है, लेकिन दिल लगाओ , यह सब ठीक हो जाएगा। कला उन लोगों का भरोसा है जो जीवन से टूट गए हैं। तूफान में भी शांति है। बिना शिकायत के सीखना ही इस जीवन का एकमात्र सबक है।किसी दिन मृत्यु हमें दूसरे तारे में ले जाएगी। मनुष्य का दिल समुद्र की तरह है, जिसमें तूफान , ज्वार के साथ मोती भी हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# चंद पलों का ही तो मानव जीवन है

समय बहुत बहुमूल्य है इसलिए न अपना समय व्यर्थ करें और न दूसरों का जो समय के मूल्य से परिचित है वे क्षण भर भी इसका दुरुपयोग नहीं





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

करते हमें परमात्मा ने दुर्लभ मानव जीवन प्रदान किया है अगर मानव जीवन का मूल्य न समझे तो इसमें परमात्मा का क्या दोष यह जीवन अभी है। और कुछ ही क्षणों के पश्चात नहीं भी कब कौन किस पल इस धरती से अलविदा हो जाएगा कब किसका किस समय बुलावा आ जाए कौन जानता है चंद पलों का ही तो मानव जीवन है। क्या परमात्मा ने मनुष्य को 84 लाख योनियों में इतनी सर्वश्रेष्ठ योनि सिर्फ खानापूर्ति के लिए प्रदान की है परमात्मा ने मनुष्य को जीने के लिए निःशुक्ल प्राणवायु प्रकाश और जल प्रदान किए है साफ है। ऐसा जीवन परमात्मा ने सिर्फ प्रजनन माया मोह लोभ लालसा लिप्सा भोग विलास वासना कामना विषया सक्ति सांसारिकता एवं भौतिकता के लिए नहीं प्रदान किया है वास्तव में मनुष्य योनि इस संसार में परमात्मा का दूजा रूप है हमशक्ल है। परमात्मा की तरह सभी क्षमताएं मानव के अंदर कूट-कूट कर भरी हुई हैं सिर्फ इसे पहचानने एवं विकसित करने की देर है। परमात्मा ने जो सृष्टि रची है इस विश्व उद्यान रूपी बगीचे के कुशल माली की भूमिका के निर्वहन के लिए हमें नियुक्त किया है ताकि यह विश्व उद्यान रूपी बगीचा सूखे नहीं सदा हरियाली संपन्न रहे हालांकि मनुष्य इस संसार में समय सांसारिक विषय वस्तुओं से प्रेम करने में ही निरर्थक व्यतीत कर देता है कुछ शाश्वत अर्जित नहीं कर पाता है। आया था मनुष्य इस संसार में परमात्मा से प्रेम करने के लिए प्रभु का भजन सेवा करने के लिए प्रभु का काम करने के लिए लेकिन जीवन का पूरा समय संसार मायामोह विषय वासना से प्रेम करने में व्यतीत करके अलविदा हो जाता है। और दुर्लभ मानव जीवन को कलंकित कर देता है ऐसी नासमझी मानव जीवन के लिए लाभप्रद नहीं मुक्ति में बाधक और अति निंदा योग्य है।

## अपने विचार

कश्मीर में 40 साल बाद यह पहला चुनाव था जिसमें किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान नहीं हुआ। एक भी आंसू गैस या गोली नहीं चलाई गई। 60 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, यह बहुत बड़ा बदलाव है।



**-अमित शाह,** गृहमंत्री, भारत सरकार

बनर्जी न तो हिंदू हैं और न ही मुसलमान बल्कि एक पाखंडी हैं। वोट पाने के लिए वह कभी हिंदुओं का तुष्टीकरण करती हैं और फिर मुसलमानों की ओर मुड़ जाती हैं। हमने पहले कभी ऐसा नहीं देखा कि एक मुख्यमंत्री विधानसभा के अंदर यह साबित करने की कोशिश करे कि वह हिंदू है।



**-अधीर रंजन चौधरी,**नेता ,कांग्रेस

बांग्लादेश ने ट्रेलर दिखा दिया है और सवाल उठ खड़ा हुआ है कि क्या उसके बाद बंगाल में हिंदू बंगाली रहेंगे। इसलिए बांग्लादेश से बंगाल के हिंदुओं को सीख लेने की जरूरत है। जो हिंदू यहां मतदान में हिस्सा लेने नहीं जाते है, उनसे अनुरोध है कि वे वोट करें।



**-मिथुन चक्रवर्ती,**नेता,भाजपा

प्रदेश में जितने हिंदू सुरक्षित हैं, उतने ही मुसलमान भाई सुरक्षित हैं, ये गलत है। सच्चाई ये है कि जबसे उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार आई है तब से प्रदेश में न तो हिंदू सुरक्षित हैं और न ही मुसलमान। प्रदेश में मुसलमान त्योहार नहीं मना पा रहे हैं।



**-चौधरी सुनील सिंह ,**अध्यक्ष, लोकदल

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
**indiagroundreport@gmail.com**
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नेरल स्टेशन पर विशेष ब्लॉक रद्द

**मुंबई।** दिनांक 29/30 मार्च 2025 (शनिवार/रविवार मध्य रात्रि) को कल्याण और बदलापुर के बीच गर्डरों की डी-लॉन्चिंग के लिए प्रस्तावित विशेष मध्य रात्रि ब्लॉक रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, दिनांक 30 मार्च 2025 (रविवार) को नेरल में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कमिशनिंग हेतु प्रस्तावित विशेष ब्लॉक भी रद्द किया गया है। अब सभी रद्द/शॉर्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजिनेट की गई उपनगरीय ट्रेनें अपने निर्धारित रूट और शेड्यूल के अनुसार चलेंगी। डायवर्ट की गई सभी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें भी अपने निर्धारित रूट और शेड्यूल के अनुसार ही संचालित होंगी।

### एमएमआरडीए के बजट को मंजूरी

**मुंबईः** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में कहा कि आने वाले वर्षों में मुंबई को बदलने वाली कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के कारण इस महानगर का महत्व और अधिक बढ़ जाएगा। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता और शहरी विकास राज्य मंत्री माधुरी मिसाल की उपस्थिति में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के 2025-26 के बजट को मंजूरी दी गई। महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने 10 करोड़ रुपए का बजट घोषित किया है। 40,187.41 करोड़ रु. उन्होंने एमएमआरडीए सभागार में आयोजित बैठक में इसे प्रस्तुत किया। उस समय उपमुख्यमंत्री शिंदे बोल रहे थे। इस अवसर पर नगरीय विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम कुमार गुप्ता, एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त मुखर्जी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुंबई महानगर क्षेत्र के नागरिकों को अधिक एवं विश्वस्तरीय सेवा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रु. 35,151.14 करोड़ रुपये या कुल व्यय का लगभग 87 प्रतिशत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए आरक्षित किया गया है।

# मध्य रेल द्वारा ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 132 अतिरिक्त सेवाएं

**मध्य रेल ने अब तक 278 अनारक्षित ट्रेनों सहित 986 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल ने ग्रीष्मकालीन यात्रा के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अब तक 278 अनारक्षित ट्रेनों सहित कुल 986 विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। पहले घोषित 854 ट्रेनों के अलावा, अब यात्रियों की सुविधा के लिए 132 अतिरिक्त सेवाएं चलाई जाएंगी।

### सीएसएमटी- खुर्दा रोड साप्ताहिक विशेष (26 सेवा)



01049 ट्रेन 5 अप्रैल से 28 जून 2025 तक हर शनिवार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 11:05 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 00:55 बजे खुर्दा रोड पहुंचेगी, जबकि 01050 ट्रेन 7 अप्रैल से 30 जून 2025 तक हर सोमवार 02:30 बजे खुर्दा रोड से रवाना होकर अगले दिन 12:55 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। ट्रेन 13 बार संचालित होगी और 22 प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें 2AC, 3AC, शयनयान, सामान्य श्रेणी और जनरेटर कार सहित आधुनिक कोच होंगे।

### सीएसएमटी – रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष (24 सेवा)

02188 ट्रेन 11 अप्रैल से 27 जून 2025 तक हर शुक्रवार 13:30 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रवाना होकर अगले दिन 09:45 बजे रीवा पहुंचेगी, जबकि 02187 ट्रेन 10 अप्रैल से 26 जून 2025 तक हर गुरुवार 15:50 बजे रीवा से प्रस्थान कर अगले दिन 12:20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन कुल 12 फेरे लगाएगी और दादर, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी सहित 13 प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में प्रथम एसी, 2AC, 3AC, शयनयान और सामान्य श्रेणी कोच होंगे।

### सीएसएमटी - नारंगी साप्ताहिक विशेष (8 सेवा)

01065 ट्रेन 10 अप्रैल से 1 मई 2025 तक हर गुरुवार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 11:05 बजे रवाना होकर तीसरे दिन 11:00 बजे नारंगी पहुंचेगी, जबकि 01066 ट्रेन 13 अप्रैल से 4 मई 2025 तक हर रविवार 05:25 बजे नारंगी से प्रस्थान कर तीसरे दिन 08:25 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन कुल 4 फेरे लगाएगी और 27 प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। इसकी संरचना में 2AC, 3AC, शयनयान, सामान्य श्रेणी और गार्ड ब्रेक वैन शामिल हैं।

### कोल्हापुर-कटिहार साप्ताहिक विशेष (8 सेवा)

मध्य रेल ने 01405/01406 साप्ताहिक विशेष ट्रेन की घोषणा की है। 01405 ट्रेन 6 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 तक हर रविवार 09:35 बजे श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस, कोल्हापुर से रवाना होकर तीसरे दिन 06:10 बजे कटिहार पहुंचेगी, जबकि 01406 ट्रेन 8 अप्रैल से 29 अप्रैल 2025 तक हर मंगलवार 18:10 बजे कटिहार से प्रस्थान कर तीसरे दिन 15:35 बजे कोल्हापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन मिरज, पुणे, मनमाड, भुसावल, जबलपुर, प्रयागराज छिवकी, पाटलिपुत्र, बरौनी सहित 25 प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में 2AC, 3AC, शयनयान, सामान्य श्रेणी और गार्ड ब्रेक वैन कोच होंगे।

### लातूर - हडपसर द्वि-साप्ताहिक विशेष (14 सेवा)

01429 ट्रेन 7 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक हर सोमवार और शुक्रवार 09:30 बजे लातूर से रवाना होकर उसी दिन 15:30 बजे हडपसर पहुंचेगी, जबकि 01430 ट्रेन उसी अवधि में हर सोमवार और शुक्रवार 16:05 बजे हडपसर से प्रस्थान कर 21:20 बजे लातूर पहुंचेगी। यह ट्रेन हरंगुल, उस्मानाबाद, बारसी टाउन, कुर्दुवाड़ी, ज्यूर और दौंड सहित 6 प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में प्रथम एसी, 2AC, 3AC, शयनयान और सामान्य श्रेणी कोच होंगे।

### पुणे-इंदौर साप्ताहिक विशेष (28 सेवा)

मध्य रेल ने 09323/09324 पुणे–इंदौर साप्ताहिक विशेष ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ा दी है। 09323 ट्रेन, जिसे पहले 20 मार्च 2025 तक चलाने की घोषणा की गई थी, अब 27 मार्च से 26 जून 2025 तक संचालित होगी, जबकि 09324 ट्रेन, जिसे पहले 19 मार्च 2025 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब 26 मार्च से 25 जून 2025 तक चलेगी। ट्रेन के चलने के दिन, समय, संरचना और ठहराव में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### हडपसर-रानी कमलापति साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)

01668 ट्रेन 11 अप्रैल से 27 जून 2025 तक हर शुक्रवार 06:30 बजे हडपसर से रवाना होकर उसी दिन 22:55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी, जबकि 01667 ट्रेन 10 अप्रैल से 26 जून 2025 तक हर गुरुवार 08:35 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर अगले दिन 00:30 बजे हडपसर पहुंचेगी। यह ट्रेन दौंड, अहमदनगर, मनमाड, भुसावल, इटारसी सहित 9 प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में 2AC, 3AC, 3AC इकॉनमी, शयनयान, सामान्य श्रेणी, गार्ड ब्रेक वैन और जेनरेटर कार कोच होंगे।

# भाजपा संगठन पर्व की समीक्षा बैठक

**राष्ट्रीय नेताओं ने दिए अहम निर्देश**



धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अरुण सिंह तथा राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिव प्रकाश की उपस्थिति में ठाणे में संगठन पर्व की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अब तक हुए संगठनात्मक चुनाव कार्यों और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

### संगठनात्मक मजबूती पर जोर

भाजपा के ठाणे क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित इस बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की मौजूदगी में मंडल स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान पार्टी संगठन को और मजबूत करने के लिए कई अहम निर्देश दिए गए।

### वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति

इस अवसर पर मंच पर राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक, चुनाव अधिकारी चैनसुख संचेती, प्रदेश महासचिव माधवी नाईक और ठाणे जिला अध्यक्ष संजय वाघुले उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

### बैठक में विधायक और वरिष्ठ नेताओं की भागीदारी

दिनभर चली इस समीक्षा बैठक में भाजपा के सभी विधायक, जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में संगठन को और मजबूत करने और आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

# जयपुर मंडल में ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों के कारण, 25 फरवरी से लेकर 01 मई, 2025 तक 66 दिनों का ब्लॉक निर्धारित किया गया था, उसे अब 10 मई, 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन/विस्तार किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने यह जानकारी दी।

### आंशिक रूप से निरस्त होने वाली ट्रेनें



ट्रेन संख्या 22933 बांद्रा टर्मिनस–जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सांगानेर में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा तथा यह ट्रेन 05 मई, 2025 तक सांगानेर और जयपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 22934 जयपुर–बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सांगानेर से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा तथा यह ट्रेन 06 मई, 2025 तक जयपुर और सांगानेर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### ट्रेनों का विस्तार

ट्रेन संख्या 20951 ओखा–जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को 05 मई 2025 तक के लिए खातीपुरा स्टेशन तक बढ़ाया गया है। ट्रेन संख्या 20952 जयपुर–ओखा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 06 मई, 2025 तक खातीपुरा स्टेशन से चलेगी।

### ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन

ट्रेन संख्या 14702 बांद्रा टर्मिनस–श्री गंगानगर अरावली एक्सप्रेस को 09 मई, 2025 तक के लिए फुलेरा और रींगस के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। इसलिए, यह ट्रेन रेनवाल स्टेशन पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 14701 श्री गंगानगर–बांद्रा टर्मिनस अरावली एक्सप्रेस को 09 मई, 2025 तक के लिए रींगस और फुलेरा के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। इसलिए, यह ट्रेन रेनवाल स्टेशन पर रुकेगी।

# पश्चिम रेलवे ने माहिम स्टेशन पर नया फुट ओवर ब्रिज खोला

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करने के प्रयास में पश्चिम रेलवे ने माहिम स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 1 और 2 को जोड़ने वाले 22 मीटर लंबे साउथ फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का पुनर्निर्माण कर इसे यात्रियों के लिए खोल दिया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुराना एफओबी जंग लगने के कारण 10 जून 2023 को पुनर्निर्माण के लिए बंद कर दिया गया था। अब इसके स्थान पर एक आधुनिक, उच्च शक्ति वाले स्टेनलेस स्टील से बना नया एफओबी तैयार किया गया है। इस पुल के संरचनात्मक घटकों को ओडिशा के कटक स्थित आरडीएसओ-अनुमोदित कार्यशाला में तैयार किया गया और फिर माहिम स्टेशन पर स्थापित किया गया। निर्माण कार्य के दौरान 8-9 नवंबर 2024 को मुख्य गर्डरों की लॉन्चिंग और 15-16 मार्च 2025 को डेक स्लैब एवं सीढ़ियों की ढलाई पूरी की गई।

**नए एफओबी की विशेषताएं**

लंबाईः 22 मीटर
चौड़ाईः 6 मीटर
निर्माण लागतः लगभग 4.27 करोड़ रुपये
सामग्रीः आईआरएस 350-ग्रेड स्टेनलेस स्टील (जेएसएल मेक)

# शिवसेना यूबीटी की बैठक सम्पन्न

**बीजेपी सरकार पर जमकर प्रहार**

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की ओर से उल्हासनगर-4 के स्वामी शांति प्रकाश आश्रम में विधानसभा 140, 141, 142 के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मार्गदर्शन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपनेता व कल्याण लोकसभा संपर्क प्रमुख गुरुनाथ खोत ने प्रमुख मार्गदर्शन किया। बैठक के दौरान कल्याण जिला प्रमुख धनंजय बोड़ारे ने सत्ता पक्ष पर जोरदार प्रहार किए, जिससे शिवसैनिकों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में महिलाओं और बच्चियों के साथ अन्याय बढ़ रहा है और राज्य की कानून व्यवस्था लाचार हो गई है।



### बीजेपी सरकार पर तीखे हमले

गुरुनाथ खोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ बीजेपी हिंदुत्व की बात करती है और दूसरी तरफ रमजान माह में ₹सौगाते ए मोदी₹ का गिफ्ट बांटकर अपनी दूय्यम भूमिका निभा रही है। धनंजय बोड़ारे ने संतोष देशमुख हत्याकांड का जिक्र करते हुए राज्य के मंत्री धनंजय मुंडे पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री मुंडे के करीबी कराड़ इस हत्याकांड में सीधे तौर पर शामिल हैं, लेकिन सरकार ने कई दिनों तक उन्हें बचाने का प्रयास किया।

### महिला कल्याण योजनाओं पर सवाल

जिला संघटिका अंजली राऊत ने महिलाओं को दिए जाने वाले 1500 अनुदान पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार अब बीपीएल कार्ड, घर में फ्रिज–एसी की जांच कर महिलाओं को पैसा देने की बात कर रही है, जिससे यह योजना छलावा साबित हो रही है।

### शिवसेना में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

बैठक में युवा सेना कल्याण जिला अधिकारी भाऊ महात्रे और अन्य नेताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर शिंदे सेना और कांग्रेस छोड़कर सैकड़ों पदाधिकारियों ने उद्धव ठाकरे में आस्था जताते हुए शिवसेना (यू.बी.टी.) में प्रवेश किया। इस बैठक में उप जिला प्रमुख राजेंद्र साहू, शहर प्रमुख कुलविंदर सिंह बैस (बिंदर सेठ), महिला जिला संगठिका जया कैलाश तेजी, युवा सेना अधिकारी महेश फूँदे समेत कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे।

# म्हाडा के प्रथम जनता दरबार को मिली उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया

दीपक पवार | मुंबई

नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से म्हाडा के छत्रपति संभाजीनगर गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास बोर्ड ने पहली बार जनता दरबार का आयोजन किया। लोकशाही दिवस की तर्ज पर आयोजित इस कार्यक्रम को नागरिकों का जबरदस्त समर्थन मिला।




### मराठवाड़ा के नागरिकों के लिए खुला मंच

छत्रपति संभाजीनगर मंडल जनता दरबार दिवस आयोजित करने वाला म्हाडा का दूसरा मंडल बन गया है। बोर्ड ने मराठवाड़ा के सभी जिलों के भूमि मालिकों, भूखंड धारकों और अपार्टमेंट निवासियों से अपील की है कि वे अगले जनता दरबार दिवस के दौरान अपनी समस्याओं को हल करवाने के लिए लिखित आवेदन प्रस्तुत करें।

### 60 आवेदकों की शिकायतों का समाधान

जनता दरबार की अध्यक्षता बोर्ड के मुख्य अधिकारी किशोर कुमार कटवटे ने की। लगभग 60 आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिनमें लीज अनुबंध के नवीनीकरण पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने की मांग मुख्य रूप से शामिल थी। जन सुनवाई करीब चार घंटे तक चली, जहां कटवटे ने नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

### 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत जनता दरबार का आयोजन

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एवं आवास मंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा नागरिक सेवाओं को आसान बनाने के निर्देशों के अनुरूप, म्हाडा के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल ने 100 दिवसीय सात सूत्री कार्ययोजना तैयार की। इस योजना के तहत, ₹नागरिक शिकायतों के निवारण₹ को प्राथमिकता दी गई और सभी म्हाडा प्रभागीय बोर्डों को जनता दरबार आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**वृष** — फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मिथुन** — नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी।

**कर्क** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

**सिंह** — कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे।

**कन्या** — घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**तुला** — उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** — दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा।

**धनु** — बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे

**मकर** — व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा।

**कुंभ** — योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**मीन** — पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

# सफल ज्योतिषी कब बन पाएंगे कैसा रहेगा कैरियर

ज्योतिषी कब बन पाते है साथ ही ज्योतिष के क्षेत्र में कैसा रहेगा कैरियर आदि? कुंडली का पंचम और नवम भाव और बुध गुरु चन्द्र मुख्य रूप से जिम्मेदार है। पंचम और नवम भाव ज्ञान और उच्च शिक्षा का है तो चन्द्र गुरु बुध ज्ञान है।

जब भी आपस में नवम और पंचम भाव के स्वामियों के बीच आपस मे सम्बन्ध बनेगा या नवम भाव का पंचम भाव से या पंचम भाव का नवम भाव से बलवान गुरु बुध सहित संबंन्ध बनेगा तब ज्योतिषी बन जाते है।

ज्योतिषी हस्तरेखा विषेशज्ञ बनने के लिए नवम और पंचम भाव का और इनके स्वामियों का बलवान होना और आपसी संबंध होने पर ही अच्छा ज्योतिषी बन पाएंगे क्योंकि पंचम और नवम भाव ज्योतिष का है नवम भाव उच्च ज्योतिषी ज्ञान का है।

इस संबंध में द्वितीय भाव का स्वामी का संबंध भी हर कही बात ज्योतिषी की सत्य होगी क्योंकि द्वितीय भाव वाणी का है।

अब उपरोक्त सम्बन्ध का संबंध दशम भाव या दशम भाव स्वामी से होगा तब ज्योतिष के क्षेत्र में अच्छा कैरियर, प्रोफेशनली अच्छी सफलता और प्रसिद्ध ज्योतिषीय बन जायेंगे, दशम भाव या भावेश का संबंन्ध ज्योतिषीय योगों से होने पर ही प्रोफेशनली और नामी हस्तरेखा विषेशज्ञ बन पाएंगे।




प्रियंका जैन
9769994439

**अब कुछ उदाहरणों से समझते है कैसे।**

**उदाहरण मेष लग्न अनुसार1:-**
मेष लग्न में यहाँ पंचम भाव स्वामी सूर्य तो नवम भाव स्वामी गुरु है , अब सूर्य गुरु यहाँ पंचम भाव में एक साथ बैठे हो साथ ही शुक्र भी साथ में बैठ जाये तब बहुत नामी ज्योतिषाचार्य बनेंगे, साथ ही दशम भाव या दशम भाव स्वामी शनि का संबंध भी उपरोक्त संबंध से है तब प्रोफेशनल सफलता अच्छा कैरियर ज्योतिष के क्षेत्र में बन जायेगा।

**उदाहरण मीन लग्न अनुसार2:-**
मीन लग्न में पंचमेश चन्द्र नवमेश मंगल व लग्नेश और दशमेश गुरु तीनों आपस में बलवान होकर संबंन्ध बनाकर बैठे हो और बुध बलवान है तब सफल , ज्योतिष बनेंगे और अच्छा कैरियर सफलता ज्योतिष सीखने के बाद मिल जाएगी। अब एक उदाहरण से समझते है कब ज्योतिष तो बन जायेंगे लेकिन प्रोफेशनली स्तर पर व अच्छा कैरियर सफलता ज्योतिष में नही मिल पाएगी?

**उदाहरण तुला लग्न अनुसार:-**
तुला लग्न में पंचम भाव स्वामी शनि नवम भाव स्वामी बुध दोनो बलवान होकर नवम भाव मे बैठ जाये साथ ज्ञान कारक गुरु का भी शनि बुध से संबंन्ध बन जाये तब ज्योतिषीय जरूर बन जायेंगे, लेकिन अब दशम भाव या दशम भाव स्वामी चन्द्र की स्थिति यहाँ अच्छी न हो , या दशमेश चन्द्र या दशम भाव का सम्बन्ध किसी भी तरह से ज्योतिषीय योग में नही है तब इस क्षेत्र में नामी, प्रोफेशनली अच्छी सफलता व कैरियर नही बन पाएगा क्योंकि यह सब दशम भाव या दशम भाव के स्वामी के सहयोग से ही हो पाता है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## एयरफोर्स अफसर की गोली मारकर हत्या



**एजेंसी । प्रयागराज**

बमरौली एयरफोर्स कॉलोनी में घर में सो रहे चीफ इंजीनियर (वर्क) सत्येंद्र नाथ मिश्रा (50) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शूटर ने गोली कमरे की खिड़की से मारी। घटना सुबह 3 बजे की बताई जा रही है। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन दूसरे कमरे से जब तक भागकर पहुंचे हमलावर भाग निकले थे। प्रयागराज के हाई सिक्योरिटी क्षेत्र में हत्या जैसी वारदात से सनसनी मची हुई है। इस सनसनीखेज वारदात के पीछे कौन है? एयफोर्स के अधिकारी और पुलिस की टीमों ने जांच शुरू कर दी है। आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बता दें कि सत्येंद्र नाथ मिश्रा मूल रूप से रोहतास बिहार के रहने वाले थे।

## उद्योगपति गौतम अडानी ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात

**एजेंसी । रांची**



अडानी समूह के अध्यक्ष सह देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति गौतम अडानी के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की चर्चा जोर-शोर से हो रही है। इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। हालांकि आईपीआरडी के स्तर से इस मुलाकात को औपचारिक बताया गया है। कहा गया है कि इस दौरान निवेश से संबंधित कई विषयों पर चर्चा हुई है। खास बात है कि राज्य गठन के बाद ऐसा पहला मौका है जब प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अडानी रांची आए और सीएम से मुलाकात के बाद वापस लौट गये। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शाम 7:00 के करीब उद्योगपति गौतम अडानी अपनी एक टीम के साथ चार्टर्ड प्लेन से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे और मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद रात करीब 10 बजे वापस लौट गए।दरअसल, अडानी समूह का झारखंड से गहरा जुड़ाव तब बना, जब कंपनी ने गोड्डा में पावर प्लांट स्थापित किया। गोड्डा स्थित पावर प्लांट से बांग्लादेश बिजली सप्लाई होती है। इसी कड़ी में कंपनी को हजारीबाग के बड़कागांव स्थित गोंदलपुरा में कॉल ब्लॉक आवंटित हुआ है, लेकिन जमीन अधिग्रहण करने के लिए कंपनी को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

## हरियाणा के सभी टोल प्लाजा पर टैक्स बढ़ा



**एजेंसी । हिसार**

हरियाणा में हाईवे पर लोगों के लिए सफर करना अब महंगा हो जाएगा। 1 अप्रैल से टोल टैक्स को 5 से 25 रुपए तक बढ़ा दिया जाएगा। प्रदेश में हिसार, पानीपत, गुरुग्राम और रोहतक समेत दूसरी जगहों पर 1 अप्रैल से ज्यादा टोल देना होगा। बताया जा रहा है कि प्रदेश के 24 टोल पर यात्रियों को अप्रैल से ज्यादा टैक्स की भरपाई करनी पड़ेगी। टोल अधिकारियों के मुताबिक हर साल नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) टोल टैक्स में बढ़ोतरी करती है। चालकों को किसी तरह की समस्या का सामना ना करना पड़े, ऐसे में हर टोल बूथों पर नई रेट सूची को भी लगा दिया गया है।

## रायगढ़ में 1।96 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति

**एजेंसी । रायगढ़**

मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत रायगढ़ जिले में एक करोड़ 96 लाख रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। रायगढ़ के विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, रंगमंच निर्माण और मुक्तिधाम सहित अन्य विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई है। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का विकास होगा और स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध मिलेंगी।

टूट गया वर्षों का रिकॉर्ड

# बिहार बोर्ड में लड़कियों से आगे निकले लड़के

**एजेंसी । पटना**

बिहार बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा का परीक्षाफल जारी कर दिया है। कुल 82।11 फीसदी छात्रों ने 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। परिणाम के साथ बिहार बोर्ड ने टॉपर्स लिस्ट भी जारी की है। बीएसईबी ने टॉप-10 विद्यार्थियों की सूची जारी की, जिसमें 123 विद्यार्थियों का नाम शामिल है। इस साल बिहार बोर्ड ने दसवीं में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। पिछले कई सालों से बिहार बोर्ड 10वीं में टॉपर लिस्ट में जाए तो लड़कियां रहती थीं। हालांकि इस साल टॉप टेन में 10 लड़कों का नाम है।

- 10वीं की वार्षिक परीक्षा के नतीजे जारी
- 82.11 फीसदी छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, टॉप 10 में 7 ब्वॉयज



प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कुल छात्र - 4,70,845 लाख
द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण कुल छात्र - 4,84,012 लाख
तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण कुल छात्र - 3,07,792 लाख

### इस वर्ष कैसा रहा 10वीं का रिजल्ट

इस साल बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में कुल 15,58,077 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 12,79,294 छात्रों ने परीक्षा पास की है। उत्तीर्ण प्रतिशत 82।11 फीसदी रहा। इस बार बिहार बोर्ड 10वीं में तीन विद्यार्थियों ने टॉप किया है। इसमें एक छात्र और दो छात्राएं हैं।

### टॉप-10 की सूची में 123 विद्यार्थियों के नाम शामिल

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणाम में साक्षी कुमारी, अंशु कुमारी और रंजन वर्मा ने संयुक्त रूप से रैंक-1 हासिल की है। इन तीनों छात्रों ने 489 अंक हासिल किए हैं। बोर्ड ने टॉप-10 विद्यार्थियों की सूची भी जारी की है, जिसमें 123 विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं। इसमें 60 छात्र और 63 छात्राएं शामिल हैं।

### सिमुलतला आवासीय विद्यालय से मिले कितने टॉपर्स?

बिहार बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा में सिमुलतला का रिजल्ट हमेशा टॉप-10 में रहा है। इस बार भी टॉप-10 की सूची में 10 नाम सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई से हैं। इसमें 6 छात्राओं और 4 छात्रों के नाम हैं। हालांकि, चौकाने वाली बात है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट ने इंटर परीक्षा में एक भी टॉपर नहीं दिया। पिछले वर्षों के रुझानों को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि मैट्रिक की टॉपर्स सूची में इस स्कूल का नाम रहना तय है।

## रामजी लाल सुमन के समर्थन में सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** राणा सांगा पर की गई विवादित टिप्पणी के कारण सियासी विवाद में घिरे समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के समर्थन में पार्टी और उसके फ्रंटल संगठन उतर आए हैं। शनिवार को बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने सांसद के आवास पर करणी सेना के हमले और तोड़फोड़ का विरोध कर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष जितेंद्र यादव और महानगर अध्यक्ष अमन यादव ने बताया कि पार्टी नेता एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर करणी सेना ने हमला करने और प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ हमने प्रदर्शन किया है।

## रिटायर्ड जवान को दिनदहाड़े मारी गई गोली

**एजेंसी । वैशाली**

बिहार के वैशाली में महुआ थाना क्षेत्र के करियो गांव में शुक्रवार रात अज्ञात हमलावरों ने एक रिटायर्ड सैनिक को गोली मार दी। घायल की पहचान 35 वर्षीय संजीव कुमार के रूप में हुई है, जो कमल किशोर के पुत्र हैं।

### इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर

स्थानीय लोगों की मदद से घायल को महुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



### घटना का पूरा विवरण

संजीव कुमार अपने घर के पास स्थित करियो मंदिर के सामने खड़े थे। तभी दो बाइक पर सवार चार बदमाश वहां पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जान बचाने के लिए संजीव ने बाइक के पीछे छिपने की कोशिश की, लेकिन एक गोली उनके बाएं हाथ में जा लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, जिससे हमलावर फरार हो गए।

## भव्य लाइटिंग से जगमगाएगा राम मंदिर

**एजेंसी । अयोध्या**

रामनवमी मेला 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है, जिसमें 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इस भव्य आयोजन को देखते हुए राम जन्मभूमि परिसर में विशेष लाइटिंग व्यवस्था की गई है। शुक्रवार रात को मंदिर में प्रकाश व्यवस्था का ट्रायल किया



गया, जिसमें अलग-अलग रंगों की रोशनी से मंदिर की भव्यता और दिव्यता निखर उठी। यह लाइटिंग रामनवमी तक हर शाम 7 से रात 10 बजे तक जारी रहेगी।

### कमरों की बुकिंग फुल, श्रद्धालु परेशान

रामनवमी मेले को लेकर अयोध्या के 90% होटल और धर्मशालाएं फुल हो चुकी हैं। बचे हुए कमरों के लिए मारामारी मची हुई है। कई श्रद्धालु होम स्टे बुक कराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वहां भी हाउसफुल का बोर्ड लग गया है। अब भक्त मठ-मंदिरों और आश्रमों में ठहरने का प्रयास कर रहे हैं। हर साल रामनवमी मेले में 15-20 लाख श्रद्धालु पहुंचते थे, लेकिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह संख्या कई गुना बढ़ गई है। महाकुंभ मेले के दौरान अयोध्या में तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे, जिससे इस बार रामनवमी में भी भारी भीड़ की संभावना है।

## बकाया फीस न जमा करने पर परीक्षा से निकाला

- आहत छात्रा ने की आत्महत्या

**शर्मनाक**

**एजेंसी । अयोध्या**

जिले के मानधाता थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बकाया फीस के कारण परीक्षा कक्ष से बाहर निकाले जाने से आहत कक्षा नौ की छात्रा ने घर लौटकर फांसी लगाकर जान दे दी। यह घटना कमला शरण इंटर कॉलेज में हुई, जहां 16 वर्षीय रिया प्रजापति को 800 रुपये फीस न भरने की वजह से परीक्षा से बाहर कर दिया गया।



### परीक्षा से निकाले जाने के बाद उठाया दुखद कदम

शनिवार सुबह रिया परीक्षा देने स्कूल पहुंची, लेकिन फीस बकाया होने के कारण उसे कक्षा से बाहर कर दिया गया। अपमान और निराशा में वह घर लौटी और अंदर जाकर फांसी लगा ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। छात्रा के पिता कमलेश प्रजापति दिल्ली में मजदूरी करते हैं, जबकि मां पूनम देवी ने स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य, लिपिक और चपरासी के खिलाफ अपमानित करने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

**अलकतरा घोटाला**

28 साल बाद आया फैसला

## बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत 5 को 3-3 साल की सजा

**एजेंसी । रांची**

बहुचर्चित अलकतरा घोटाले में 28 साल बाद सीबीआई की अदालत का फैसला आया है। बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच दोषियों को अदालत ने तीन-तीन साल की सजा सुनायी है। इन सभी पर 15-15 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। ये मामला 1994 का है।

### सात आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में किया गया बरी



सीबीआई की अदालत से सजा पानेवाले दोषियों में इलियास हुसैन, शहाबुदीन, पवन कुमार अग्रवाल ,अशोक कुमार अग्रवाल और विनय कुमार सिन्हा शामिल हैं। सीबीआई की अदालत ने इन्हें दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल की सजा शनिवार को सुनायी। सात आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया।

## पलामू, गढ़वा और लातेहार को रेलवे की बड़ी सौगात

- पहली बार मुंबई के लिए शुरू हो रही सीधी ट्रेन

**एजेंसी । पलामू**

झारखंड से मुंबई जाना अब और आसान हो जाएगा। खासकर पलामू, गढ़वा और लातेहार के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे ने इन्हें नयी ट्रेन का तोहफा दिया है। पहली बार पलामू होते हुए मुंबई के लिए नयी ट्रेन चलेगी। धनबाद रेलवे स्टेशन से मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक यह ट्रेन चलेगी। रेलवे ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। यह साप्ताहिक ट्रेन होगी। आठ अप्रैल से इस ट्रेन का परिचालन शुरू होगा। धनबाद एलटीटी एक्सप्रेस 03379 और 03380 पलामू होते हुए मुंबई तक चलेगी।

### पलामू से मुंबई के लिए पहले नहीं थी सीधी ट्रेन



पहली बार पलामू से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन शुरू होने जा रही है। इससे यहां के लोगों को काफी राहत मिलेगी। पहले पलामू से सीधे मुंबई के लिए कोई ट्रेन नहीं थी। पलामू के लोगों ने बिहार के डेहरी या झारखंड के रांची से मुंबई जाने के लिए ट्रेन पकड़नी पड़ती थी। झारखंड रेल यूजर एसोसिएशन लंबे समय से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन की मांग कर रहा था। धनबाद के बीजेपी सांसद ढुल्लू महतो और पलामू के बीजेपी सांसद विष्णु दयाल राम को इस संदर्भ में पत्र लिखा गया था।

### झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन की मेहनत लायी रंग

धनबाद एलटीटी एक्सप्रेस मुंबई जाने के दौरान पलामू में लातेहार, डाल्टनगंज (पलामू) और गढ़वा रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर सुबह 4:57 बजे पहुंचेगी। मुंबई से चलकर धनबाद जाने वाली ट्रेन रात 11 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी। लातेहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन सुबह 3:58 बजे और गढ़वा में सुबह 5:30 बजे पहुंचेगी, जबकि मुंबई से वापसी के दौरान गढ़वा में रात 10:10 बजे और लातेहार में 12:15 बजे पहुंचेगी। झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार अभिषेक, सचिव नजर इमाम और कोषाध्यक्ष छोटी कुमारी ने जानकारी दी है कि पूरे मामले में धनबाद और पलामू के सांसद से कई बार मांग की गयी थी। एसोसिएशन की मेहनत का ही नतीजा है कि मुंबई के लिए पहली बार सीधी ट्रेन मिली है।




# सरकार ने पीपीएफ की ब्याज दर का किया ऐलान

- सिर्फ 500 रुपये में निवेश का मौका

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अगर आप लोकप्रिय सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) में निवेश करते हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, केंद्र सरकार ने आगामी तिमाही के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों का ऐलान कर दिया है। आइए जानते हैं कि पीपीएफ की ब्याज दर पर क्या फैसला हुआ है।

### पीपीएफ अकाउंट पर ब्याज

अगली तिमाही के लिए सरकार ने लोकप्रिय सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) की ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया है। यह ब्याज दर पहले की तरह 7.1 प्रतिशत पर स्थिर है।

### सबसे पहले जानिए पीपीएफ स्कीम के बारे में



पीपीएफ स्कीम में सालाना न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये का निवेश किया जा सकता है। यह निवेश एकमुश्त या किस्तों के आधार पर किया जा सकता है। हालांकि, कोई व्यक्ति पीपीएफ अकाउंट में केवल 12 वार्षिक किस्तों के भुगतान के लिए पात्र है। पीपीएफ अकाउंट में हर साल निवेश करना होता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि खाता सक्रिय रहे। बता दें कि पीपीएफ अकाउंट में निवेश पर 15 साल की लॉक-इन अवधि होती है, जिसके पहले पूरी तरह से पैसा नहीं निकाला जा सकता। यदि जरूरी हो तो निवेशक पीपीएफ लॉक-इन अवधि समाप्त होने के बाद इस अवधि को 5 साल तक बढ़ाने का विकल्प चुन सकते हैं।

### कौन खोल सकता है अकाउंट?

देश में रहने वाले भारतीय नागरिक अपने नाम से पीपीएफ अकाउंट खोलने के पात्र हैं। नाबालिगों को भी अपने नाम से सार्वजनिक भविष्य निधि खाता खोलने की अनुमति है, बशर्ते कि इसे उनके माता-पिता द्वारा संचालित किया जाए। गैर-निवासी भारतीयों को नया पीपीएफ अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं है।

### लोन की सुविधा

पीपीएफ निवेश रकम के एवज में लोन की सुविधा मिल सकती है। हालांकि, लोन केवल तभी दिया जाएगा जब इसे अकाउंट के सक्रिय होने की तिथि से तीसरे वर्ष की शुरुआत से लेकर छठे वर्ष के अंत तक किसी भी समय लिया जाए। पीपीएफ के विरुद्ध ऐसे लोन की अधिकतम अवधि 36 महीने है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर शुरुआती वार्ता पूरी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत का शुरुआती दौर शनिवार को नई दिल्ली में पूरा हो गया। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने और बहु-क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह वार्ता सकारात्मक रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, क्षेत्रीय विशेषज्ञ स्तर की सहभागिता आगामी सप्ताहों में वर्चुअल रूप से शुरू होगी। चार दिवसीय बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने बाजार पहुंच बढ़ाने, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने पर सहमति जताई।

# डीबीएस बैंक के सीईओ पीयूष गुप्ता ने दिया इस्तीफा

- तान सु शान बनीं पहली महिला प्रमुख

**एजेंसी । नई दिल्ली/सिंगापुर**

सिंगापुर के शीर्ष बैंकर पीयूष गुप्ता ने डीबीएस बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह बैंक की मौजूदा उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी और संस्थागत बैंकिंग प्रमुख तान सु शान ने ली है। तान सु शान डीबीएस के इतिहास में पहली महिला सीईओ बनी हैं। डीबीएस बैंक की प्रमुख शेयरधारक कंपनी टेमासेक होल्डिंग्स के सीईओ दिलहान पिल्लै ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि पीयूष गुप्ता ने 15 वर्षों तक बैंक का नेतृत्व किया और इसे एक वैश्विक प्रतिष्ठा दिलाई। उनके कार्यकाल में डीबीएस को कई बार सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार मिला।





### पीयूष गुप्ता का योगदान

भारत के मेरठ में जन्मे पीयूष गुप्ता ने नवंबर 2009 में डीबीएस बैंक के सीईओ का पद संभाला था। उनके नेतृत्व में बैंक ने जबरदस्त विस्तार किया और विश्व स्तर पर कई प्रतिष्ठित खिताब हासिल किए। डीबीएस सिंगापुर का सबसे बड़ा क्षेत्रीय बैंक है और दक्षिण-पूर्व एशिया में इसकी मजबूत उपस्थिति है।

## पार्क मेडी वर्ल्ड का 1,260 करोड़ रुपये का आईपीओ, सेबी को आवेदन दाखिल

**एजेंसी । नई दिल्ली**




अस्पतालों की श्रृंखला पार्क मेडी वर्ल्ड ने 1,260 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आवेदन किया है। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ के तहत 900 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि प्रवर्तक अजीत गुप्ता 300 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल (OFS) के जरिए बेचेंगे। इसके अलावा, कंपनी 192 करोड़ रुपये तक के आईपीओ-पूर्व आवंटन पर भी विचार कर सकती है।

# मस्क ने X को अपनी ही कंपनी xAI को बेचा

- 2.82 लाख करोड़ में हुई डील
- 2022 में 3.76 लाख करोड़ में खरीदा था

**एजेंसी । वॉशिंगटन**

इलॉन मस्क ने अपनी सोशल मीडिया कंपनी X को अपनी ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) कंपनी xAI को 33 बिलियन डॉलर यानी, करीब 2.82 लाख करोड़ रुपए में बेच दिया है। यह एक ऑल-स्टॉक डील है, जिसका मतलब है कि इसमें नकदी की बजाय शेयरों का लेन-देन हुआ है। मस्क ने X पर एक पोस्ट में कहा- xAI और X का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है। आज, हम आधिकारिक रूप से डेटा, मॉडल, कंप्यूटिंग, वितरण और प्रतिभा को एक साथ लाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। यह xAI की बेहतर AI क्षमता और विशेषज्ञता को X की बड़ी पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को खोलेगा।

### X और xAI के मिलने से क्या होगा, यूजर्स को क्या मिलेगा?



xAI की एडवांस्ड AI टेक्नोलॉजी को X के बड़े यूजर बेस (60 करोड़ से ज्यादा सक्रिय यूजर्स) के साथ जोड़ने के लिए मस्क ने ऐसा किया है। X के डेटा का इस्तेमाल करके xAI अपने AI मॉडल्स (जैसे Grok चैटबॉट) को ज्यादा आसानी से ट्रेन कर सकेगा। X के यूजर्स को बेहतर, AI पावर्ड एक्सपीरियंस मिल सकता है। मस्क का दावा है कि यह कॉम्बिनेशन ₹ह्यूमन प्रोग्रेस को तेज करेगा₹ और उनके कोर मिशन ₹सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने₹ को मजबूत करेगा। रियल-टाइम में बेहतर कंटेंट रिकमेंडेशन, फेक न्यूज को पकड़ना या यूजर्स के सवालों का जवाब ज्यादा फास्ट देना।

## भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए मजबूत मध्यस्थता तंत्र जरूरी: पीयूष गोयल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के लिए एक मजबूत मध्यस्थता और कानूनी ढांचा जरूरी है। इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। गोयल ने नई दिल्ली में यूनाइटेड इंटरनेशनल एवोकेट कॉन्फ्रेंस के विशेष पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए न्यायिक देरी को कम करने और पारदर्शी कारोबारी माहौल बनाने में मध्यस्थता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारत को मध्यस्थता प्रथाओं को और अधिक कुशल एवं निष्पक्ष बनाने की जरूरत है, जिससे निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार हो सके। उन्होंने कानूनी बिरादरी से वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप एक मजबूत और स्पष्ट कानूनी ढांचा विकसित करने का आग्रह किया, ताकि भारत अपनी वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की आकांक्षा को साकार कर सके। गोयल ने कहा कि एक मजबूत मध्यस्थता तंत्र भारत की प्रतिष्ठा को वैश्विक व्यापार जगत में और मजबूत करेगा।

## मुंबई के मैदानों से

### पुलिस स्पोर्ट्स क्लब को खिताब



मुंबई। मुंबई पुलिस स्पोर्ट्स क्लब बी की टीम ने फाइनल में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 12 रनों से पराजित करके 14वें इंश्योरन्श शील्ड टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा कर लिया। विजयी टीम की ओर से मध्यम तेज गेंदबाज श्रेयस पवार ने 17 रन खर्च करके पांच विकेट चटकाए और अपनी टीम की जीत में मुख्य भूमिका निभाई। चर्चगेट स्थित क्रॉस मैदान पर हुए मुकाबले में मुंबई पुलिस स्पोर्ट्स क्लब बी की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और विपक्षी टीम के समक्ष जीत के लिए 123 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की टीम 18.5 ओवरों में 110 रनों पर लुढ़क गई।

### घुड़दौड़: थलासा बेजोड़

मुंबई। रविवार शाम को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर आयोजित मुंबई घुड़दौड़ सत्र के विशेष दिन की मुख्य दौड़ वेस्टर्न इंडिय रेस हॉर्स ओनर्स एसोसिएशन ट्रॉफी में फैजल अब्बास द्वारा प्रशिक्षित थलासा की स्थिति बेजोड़ है और उसके जीत की संभावना है। कुल नौं दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। पहली दौड़ अपराह्न 3.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- लाईटनिंग ब्लेज (प्र.), सोरेन्टो सीक्रेट (द्वि.), 2- थलासा (प्र.), एटन स्कॉअर (द्वि.), 3- मिनिस्ट्री ऑफ टाईम (प्र.), डॉन जुलियो (द्वि.), 4- ईगल डे (प्र.), मिस्टेरियसस्ट्रेन्जर्स (द्वि.), 5- डिलीजेन्स (प्र.), लुना (द्वि.), 6- विन्ड डांसर (प्र.), सिन्ड्रेलास ड्रीम (द्वि.), 7- स्पैनिस ऑईज (प्र.), चार्डीकला (द्वि.), 8- मनोर हॉउस (प्र.), लॉर्ड एरिक (द्वि.), 9- मार्लबोरो मैन (प्र.), द फ्लुटिस्ट (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- स्पैनिस ऑईज।

### दक्षिण ऑस्ट्रेलिया ने 29 साल में पहली बार शेफील्ड शील्ड जीती

एडीलेड। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया ने 29 साल में पहली बार शेफील्ड शील्ड क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी जीत ली। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन रविवार को क्वींसलैंड को चार विकेट से पराजित किया। टीम ने जीत के लिए मिला 270 रन का लक्ष्य छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। जेसन संघा ने नाबाद 126 और एलेक्स कैरी ने 105 रन की पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट क लिए 202 रन की साझेदारी की। क्वींसलैंड की टीम पहली पारी में 95 रन पर आउट हो गई थी। जवाब में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया ने 271 रन बनाए थे। क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में 445 रन बनाकर दक्षिण ऑस्ट्रेलिया को 270 रन का लक्ष्य दिया था।

# आईपीएल 2025 में आज सुपर संडे को होगा दूसरा डबल धमाल

## दिल्ली की निगाह दूसरी जीत पर

**▶▶ पटरी पर लौटने की कोशिश करेंगे सनराइजर्स**

एजेंसी । विशाखापत्तनम

दिल्ली कैपिटल्स को विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की वापसी से मजबूती मिली है। अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली की टीम रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में लगातार दूसरी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। पिछले मैच में दिल्ली ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हराया था।




**राहुल की वापसी से बदलेगा समीकरण**

- पहले बच्चे के जन्म के कारण लखनऊ के खिलाफ पहला मैच न खेलने वाले केएल राहुल अब टीम से जुड़ गए हैं। दिल्ली ने उन्हें 14 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन उन्होंने कप्तानी नहीं करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी अक्षर पटेल को सौंपी गई। राहुल दिल्ली से जुड़ने से पहले मुंबई में भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ अभ्यास कर रहे थे।

**आमने-सामने**

- कुल मैच : 24
- दिल्ली जीते : 11
- हैदराबाद जीता : 13

**नंबर गेम**

**67** रन से हराया था हैदराबाद ने दिल्ली को पिछले साल उसके घर में

**11** रन चाहिए अक्षर को दिल्ली की ओर से एक हजार रन पूरे करने के लिए



### दिल्ली का मजबूत गेंदबाजी आक्रमण

दिल्ली के पास मिचेल स्टार्क की अगुवाई में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। उनके और ऑस्ट्रेलियाई साथी ट्रेविस हेड के बीच टक्कर देखने लायक होगी। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल स्पिन आक्रमण की कमान संभालेंगे, जबकि स्टब्स और मोहित भी उपयोगी गेंदबाज साबित हो सकते हैं।

### हैदराबाद के लिए वापसी जरूरी

सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन लखनऊ के खिलाफ हार के बाद टीम पर दबाव बढ़ गया है। कप्तान पैट कमिंस को गेंदबाजी में सुधार करना होगा, क्योंकि लखनऊ के खिलाफ उन्होंने 15 रन प्रति ओवर की दर से रन लुटाए थे। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी को टीम को मजबूत शुरुआत दिलानी होगी, जबकि किशन, क्लासेन और अनिकेत को भी बड़ी पारियां खेलनी होंगी।

## टर्निंग पिच पर टकराएंगे चेन्नई और राजस्थान

**▶▶ रॉयल्स की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी**

**▶▶ सुपर किंग्स जीत की राह पर लौटने की करेंगे कोशिश**

एजेंसी । गुवाहाटी

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम रविवार को जब गुवाहाटी की टर्निंग पिच पर राजस्थान रॉयल्स से टकराएगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। पांच बार के चैंपियन चेन्नई को पिछले मैच में बेंगलुरु के हाथों अपने गढ़ चेपक में करारी हार मिली थी। वहीं, राजस्थान को अभी खाता खोलना है। टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी। खलील अहमद नई गेंद के उतने प्रभावी गेंदबाज नहीं हैं। अश्विन और जडेजा इस प्रारूप में अब उतने खतरनाक नहीं रह गए। वैसे मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती ने जिस तरह कोलकाता के लिए यहां के हालात का बखूबी फायदा उठाया, उसी तरह अश्विन और जडेजा भी चेन्नई के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। ऐसे में राजस्थान के बल्लेबाजों सैमसन, पराग, शुभम, नितीश राणा और ध्रुव जुरेल के लिए मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। राजस्थान के पास बटलर जैसा धुरंधर विदेशी बल्लेबाज नहीं है। वहीं तुषार देशपांडे और संदीप जैसे भारतीय गेंदबाजों में आत्मविश्वास का अभाव है। उनके पास कोई उच्च कोटि का स्पिनर भी नहीं है।



**नौवें नंबर पर उतर रहे धौनी**

- चेन्नई के लिए नौवें नंबर पर उतर रहे धौनी ने 16 गेंद में नाबाद 30 रन बनाकर प्रशंसकों को भले ही खुश कर दिया हो लेकिन टीम के लिए तब तक मैच हाथ से निकल चुका था। गुवाहाटी की विकेट चेपक की तरह है जिस पर राजस्थान का सामना करना उतना मुश्किल नहीं होगा चूंकि उसके पास इतना मजबूत गेंदबाजी आक्रमण नहीं है।

**आमने-सामने**

- कुल मैच : 29
- चेन्नई जीता : 16
- राजस्थान जीता : 13

**नंबर गेम**

**5** विकेट से हराया था चेन्नई ने पिछले साल राजस्थान को दोनों के बीच खेले गए एकमात्र मैच में

**50** रन दूर हैं ध्रुव जुरेल राजस्थान की आरे से पांच सौ रन पूरा करने से



## पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट खेलने वाले सम्मान के हकदार : रोहित

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम ने पिछले नौ महीनों में क्रिकेट के उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए सफलता हासिल करने के लिए सामूहिक संघर्ष किया है। पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीम का प्रत्येक सदस्य सम्मान का हकदार है। टीम इस दौरान 24 मैचों में से एक में ही हार मिली जो 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया ने दी। भारत ने पिछले साल टी-20 विश्व कप और इस साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। भारत के कप्तान के तौर पर अपने कार्यकाल के बारे में रोहित ने कहा, इस टीम ने तीन बड़े टूर्नामेंट में जो हासिल किया है। इस तरह के टूर्नामेंट खेलना और बस एक मैच हारना और वह भी फाइनल (2023 वनडे विश्व कप)। सोचो कि अगर हम वह भी जीत जाते तो तीन आईसीसी टूर्नामेंट में अपराजेय रहते। ऐसा कभी सुना ही नहीं है। 24 में से 23 मैच जीतना। बाहर से यह बहुत अच्छा लगता है लेकिन इस टीम ने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। रोहित ने मुंबई के 'एक्स' पेज पर टीम की ओर से डाले गए वीडियो में कहा, हमने कठिन समय भी देखा है लेकिन फिर आपको जश्न मनाने का मौका भी मिला। मेरा मानना है कि पिछले तीन टूर्नामेंट खेलने वाला हर खिलाड़ी सम्मान का हकदार है। यह उन सभी खिलाड़ियों के लिए है जो किसी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं और निराशा में हैं। वे वापसी करना चाहते हैं।

**नंबर गेम**

- 2 खिताब जीते पिछले नौ में, आईसीसी के तीन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची टीम
- 24 मुकाबलों में से सिर्फ एक गंवाया आईसीसी के इन टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने



**आईपीएल 2025**

## धौनी बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आएं : वाटसन

एजेंसी । चेन्नई

बेंगलुरु के खिलाफ चेन्नई की रणनीति से हैरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वाटसन ने कहा कि उन्हें समझ में नहीं आता कि महेंद्र सिंह धौनी बल्लेबाजी क्रम में लगातार नीचे क्यों उतर रहे हैं। उन्होंने कहा, चेन्नई के प्रशंसक यही देखने आते हैं। धौनी ने नौवें पर उतरकर 16 गेंद में 30 रन बनाए। मैं चाहूंगा कि वह बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आएं। उन्हें आर अश्विन से पहले आना चाहिए था। उन्होंने कहा, मैच उस समय जिस स्थिति में था, धौनी को 15 गेंद और खेलनी चाहिए थी। पिछले कुछ साल से उन्होंने लगातार दिखाया है कि वह अभी भी बेहतरीन बल्लेबाजी कर सकते हैं। मेरा मानना है कि वह बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आकर अपने कौशल का पूरा प्रदर्शन करते। कुछ फैसले निराशाजनक थे मसलन त्रिपाठी का पारी का आगाज करना। रुतुराज अच्छा सलामी बल्लेबाज है लेकिन वह बाद में आ रहा है। रुतुराज ने हेजलवुड के खिलाफ एक खराब शॉट खेला जो आमतौर पर वह नहीं करते हैं।



## हमें कमतर नहीं आंके : फ्लेमिंग



**चेन्नई।** चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इन आलोचनाओं को खारिज किया कि उनकी टीम की शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए । उन्होंने कहा कि चेन्नई टीम में काफी आक्रामकता है और कोई उन्हें कमतर आंकने की गलती नहीं करे। यह पूछने पर कि क्या उनकी शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, इसके क्या मायने हैं, मेरी शैली का क्रिकेट क्या है। पहला मैच जीतना, यही सही तरीका है। हमारे भीतर काफी आक्रामकता है। मैं यह प्रश्न समझा नहीं। उन्होंने कहा, सिर्फ इसलिए कि हम पहली ही गेंद से पीटना शुरू नहीं करते। हम आखिर में देखेंगे। हम सकारात्मक क्रिकेट खेलते हैं और कोई हमें कमतर नहीं आंक सकता। यह बेवकूफाना सवाल है।

## पिछले सत्र से दस गुना बेहतर है आरसीबी टीम का संतुलन : एबी

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डीविलियर्स का मानना है कि इस बार बेंगलुरु की टीम पिछले सत्र की तुलना में दस गुना बेहतर लग रही है। उम्दा शुरुआत से आगे उसका काम आसान हो जाएगा। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने शुक्रवार को चेन्नई हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।आरसीबी के लिए खेल चुके डीविलियर्स ने कहा, इस बार टीम का संतुलन पिछले सत्र से दस गुना बेहतर है। पिछले साल नीलामी के समय मैंने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या क्षेत्ररक्षकों को लेकर नहीं था।



# बॉलीवुड

## 25 साल बाद सलमान संग काम करेंगे संजय दत्त

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने शनिवार, 29 मार्च को सलमान खान के साथ एक नई एक्शन फिल्म पर काम करने की पुष्टि की। हाल ही में सलमान ने एक प्रेस मीट में खुलासा किया कि वह संजय के साथ एक बड़ी 'देहाती' एक्शन फिल्म में काम करेंगे। अभिनेताओं ने रोमांटिक म्यूजिकल 'साजन' और कॉमेडी फिल्म 'चल मेरे भाई' में साथ काम किया था।

**संजय ने की 'सिकंदर' की तारीफ**

संजय दत्त शनिवार को मुंबई में अपनी आने वाली हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुए। इस मौके पर बात करते हुए अभिनेता ने सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' के ट्रेलर की तारीफ की, जो 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। संजय ने कहा, 'ट्रेलर सुपरहिट है। सलमान मेरा छोटा भाई है। मैं हमेशा उसके लिए प्रार्थना करता हूं। भगवान ने उसे बहुत कुछ दिया है। सिकंदर एक सुपरहिट फिल्म होगी।'

**सलमान के साथ फिल्म करने पर संजय ने जाहिर की खुशी**

सलमान के साथ 25 साल बाद फिर से काम करने के बारे में उन्होंने कहा, 'हां, हम साथ काम कर रहे हैं। साजन और चल मेरे भाई के बाद आप हमारा 'टशन' देखेंगे। यह एक एक्शन फिल्म है। मैं बहुत खुश हूं कि मैं 25 साल बाद अपने छोटे भाई के साथ काम कर रहा हूं।' इससे पहले सलमान ने मुंबई प्रेस से बात करते हुए फिल्म के बारे में कहा था।



## तय तारीख पर रिलीज नहीं होगी 'कन्नप्पा'

विष्णु मांचू की फिल्म 'कन्नप्पा' की नई रिलीज डेट का एलान होने वाला है। पहले ये फिल्म 25 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। फिल्म की टीम फिल्म में जरूरी सुधार कर रही है, ताकि इसे और बेहतर बनाया जा सके। फिल्म के वीएफएक्स को भी अपग्रेट किया जा रहा है। फिल्म में विष्णु मांचू लीड रोल में हैं और वह इस फिल्म के सहलेखक भी हैं। उन्होंने कहा है कि फिल्म में जरूरी सुधार होने के बाद इसके सिनेमा का अनुभव बहुत अच्छा होगा।

### फिल्म पर विष्णु मांचू का बयान

विष्णु मांचू ने अपने अधिकारिक बयान में कहा है कन्नप्पा शिव के सबसे बड़े भक्त को श्रद्धांजलि है। फिल्म की टीम इस चीज के लिए मेहनत कर रही है कि फिल्म उच्चतम तकनीकी और कहानी कहने के मानकों पर खरी उतरे। फिल्म को रिलीज करने की नई तारीख का जल्द ही ऐलान होगा।₹ हाल ही में 'कन्नप्पा' फिल्म को सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स का सामना करना पड़ा था। फिल्म के प्रमोशनल इवेंट के दौरान, कास्ट मेंबर रघु बाबू ने ट्रोल्स को फिल्म की आलोचना करने पर चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था ₹अगर कोई कन्नप्पा फिल्म को ट्रोल करता है, तो उसे भगवान शिव के क्रोध और श्राप का सामना करना पड़ेगा... यह बयान इंटरनेट यूजर्स को पसंद नहीं आया।




## जेठालाल को मिली नई दया बेन

**दिशा वकानी कई फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रही हैं, लेकिन उनका सबसे मशहूर किरदार 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की 'दया बेन' का रहा है। उन्होंने 2017 में शो छोड़ दिया था। इसके बाद कई बार उनकी वापसी की खबरें आईं, लेकिन हर बार वह महज अफवाह साबित हुईं। अब शो में दया बेन की वापसी की खबरें फिर सामने आई हैं, लेकिन दिशा वकानी के रूप में नहीं, बल्कि नए कलाकार की कास्टिंग की खबरें सामने आई हैं। अब कथित तौर पर निर्माताओं ने दिशा का रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है।**



### एक अभिनेत्री को किया गया फाइनल

इससे पहले शो के निर्माता असित मोदी ने पुष्टि की थी कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी, जिसका मतलब था कि निर्माताओं को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना होगा। रिपोर्ट के अनुसार, शो के निर्माता असित मोदी दया बेन की भूमिका के लिए ऑडिशन ले रहे थे और आखिरकार उन्होंने किसी को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। एक सूत्र ने बताया है कि हां, यह सही है। असित नई दया बेन की तलाश में थे और हाल ही में एक ऑडिशन ने उन्हें काफी प्रभावित किया। अभिनेत्री के साथ मॉक शूट चल रहे हैं। वह हमारे साथ शूटिंग करते हुए यहां करीब एक सप्ताह से हैं।

## 'फैमिली मैन 3' में हुई जयदीप अहलावत की एंट्री

'द फैमली मैन' के तीसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। अब इस सीरीज में 'पाताल लोक' फेम अभिनेता भी नजर आने वाले हैं, जिसकी पुष्टि की गई है। 'द फैमिली मैन' सीरीज के मुख्य अभिनेता मनोज वाजपेयी ने बताया कि 'पाताल लोक' फेम अभिनेता जयदीप अहलावत 'द फैमिली मैन' के आगामी सीजन में दिखने वाले हैं। अभिनेता ने कहा कि 'पाताल लोक 2' सीजन में अपनी शानदार भूमिका निभाने वाले जयदीप अहलावत हमारे साथ 'द फैमिली मैन 3' में दिखेंगे। अभिनेता मनोज ने बताया है कि यह सीजन बहुत बड़ा और रोमांचक होने वाला है।

**कब रिलीज हो रही सीरीज?**

पिछली जानकारी के अनुसार 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन को इसी साल रिलीज किया जाना है। मनोज वाजपेयी ने बताया कि इस सीरीज को इसी साल नवंबर में रिलीज किया जाएगा। इस जानकारी ने फैंस के बेसब्री को और बढ़ा दिया है। ऑफिशियल तारीख की अभी कोई घोषणा नहीं की गई है।



# सुकमा में 17 नक्सलियों का एनकाउंटर

- मृतकों में 11 महिलाएं शामिल
- 12 साल पहले झीरम घाटी कांड में शामिल कमांडर भी मारा गया

**आतंक का खात्मा**

एजेंसी | सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। नक्सल विरोधी अभियान के तहत हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के प्रमुख लीडर जगदीश उर्फ़ बुधरा को मार गिराया है। इसके साथ ही मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है।





नक्सलवाद पर एक और प्रहार! सुकमा में सुरक्षाबलों ने 16 नक्सलियों को मार गिराया और भारी मात्रा में ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

–अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### 25 लाख के इनामी नक्सली का खात्मा

जगदीश उर्फ़ बुधरा दरभा डिवीजन का इंचार्ज था और उस पर 25 लाख का इनाम घोषित था। वह झीरम हत्याकांड और 2023 में सुकमा के अरणपुर में डीआरजी जवानों पर हमले का मास्टरमाइंड था। बुधरा का मारा जाना सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### नक्सल विरोधी अभियान में तेज़ी

हाल ही में छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर जिलों में हुई मुठभेड़ में दो दर्जन से अधिक माओवादी मारे गए थे। आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अब तक 219 माओवादी मारे जा चुके हैं, जबकि 2023 में यह संख्या 22 और 2022 में 30 थी। वहीं इस साल अब तक 116 से अधिक माओवादी मारे गए हैं।

### नक्सल विरोधी ऑपरेशन जारी

सुरक्षाबलों को 28 मार्च को नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी, जिसके बाद डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने उप्पमपल्ली गांव के पास ऑपरेशन शुरू किया। नक्सली इलाके में राशन लेने पहुंचे थे, तभी फोर्स ने घेराबंदी कर मुठभेड़ शुरू कर दी। बस्तर आईजी पी. सुंदरराज के मुताबिक, सुरक्षाबल इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं और नक्सलियों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। मुठभेड़ के बाद इलाके की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और

# गोवा में 11.67 करोड़ के गांजा संग तीन तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी | पणजी

गोवा पुलिस ने 11.67 करोड़ रुपए मूल्य के गांजे के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी में शामिल था और इसके अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि 8 मार्च को उत्तरी गोवा के मापुसा इलाके से बेंगलुरु निवासी गौतम एम (26) को गिरफ्तार किया गया था। गौतम को एक पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के साथ पकड़ा गया, जिसमें 11.67 किलोग्राम सूखा गांजा था। पुलिस के अनुसार, यह खेप किराए के कमरे में छिपाकर रखी गई थी और इसे गोवा में बेचा जाना था। जांच में पता चला कि बैंकॉक में रहने वाले तस्लीम नामक व्यक्ति ने गौतम को भारत में ड्रग लाने के लिए 1 लाख रुपए की पेशकश की थी।



### गिरोह के अन्य सदस्य कौन?

गौतम की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बेंगलुरु से शिलना ए को पकड़ा। वह गिरोह की प्रमुख सदस्य थी और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ समन्वय कर रही थी। इसके अलावा, केरल के कन्नूर निवासी श्रीजिल.पी.पी को 19 मार्च को गिरफ्तार किया गया। श्रीजिल गिरोह की वित्तीय व्यवस्था संभालता था और उसने गौतम समेत अन्य तस्करों के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकट बुक किए थे। गोवा पुलिस ने थाईलैंड में छिपे ड्रग सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की पहचान कर ली है और उनके खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) और ब्लू नोटिस जारी किए गए हैं। एलओसी के जरिए संदिग्धों को देश छोड़ने से रोका जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 14 अप्रैल को पूरे देश में सरकारी छुट्टी घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ। भीमराव अंबेडकर की जयंती पर यानी 14 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में सरकार के इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माता, समाज में समानता के नए युग की स्थापना करने वाले, हमारे पूज्य बाबा साहेब डॉ। भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर अब सार्वजनिक अवकाश रहेगा। शेखावत ने कहा, यह निर्णय लेकर बाबा साहेब के समर्पित अनुयायी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्र की भावनाओं का सम्मान किया है।

### शिरडी में पूर्व कैबिनेट मंत्री से ठगी

**शिरडी।** साईं बाबा के दर्शन के लिए हर दिन हजारों भक्त शिरडी पहुंचते हैं, लेकिन इसके साथ ही धोखाधड़ी के मामले भी सामने आते रहते हैं। ताजा मामला राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री जोगिंदर सिंह अवाना से जुड़ा है, जिन्हें शिरडी साईं बाबा संस्थान का ट्रस्टी बनाने के नाम पर 6,000 रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। इस मामले में शिरडी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश जारी है।

### बेंगलुरु में सात मिनट में ड्रोन से पहुंचेगा सामान

**बेंगलुरु।** ड्रोन से सात मिनट में ही बेंगलुरु में लोगों के पास सामान पहुंचना शुरू हो जाएगा। ड्रोन से सामान पहुंचाने को लेकर अनुमति दे गई है। ड्रोन को स्काई शिप वन का नाम दिया गया है। वह 120 मीटर ऊपर तक उड़ान भरकर एक बार में 10 किलो ग्राम तक का सामान ले जा सकता है। फिर सामान छोड़ने के बाद उसी मार्ग का उपयोग करके अपने मूल स्थान पर वापस आएगा। बेंगलुरु के तीन अस्पतालों ने ऐलान किया था कि शहर में जाम की परेशानी से बचने के लिए दवाओं और कुछ चीजों की डिलीवरी के लिए वे ड्रोन का उपयोग करेंगे।

### मणिपुर के नोनी जिले में 3.8 तीव्रता का आया भूकंप

**नोनी।** मणिपुर के नोनी जिले में शनिवार को दोपहर 2 ।31 बजे 3 ।8 तीव्रता का भूकंप जमीन में 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि भूकंप में किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों ने कहा कि यह इलाका भूकंप को लेकर संवेदनशील है। यहां अक्सर कम तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं।

# पिछले साल अधिक काम करने में व्यस्त रहे भारतीय

▶▶ मनोरंजन और खुद की देखभाल में भी बिताया अधिक समय

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीयों ने 2019 की तुलना में साल 2024 में अपना अधिक समय काम करने, मनोरंजन और खुद की देखभाल के कार्यों में बिताया। वह ऐसा भोजन और सोने में कम समय देकर कर पाए। 2019 से 2024 के बीच भारतीयों ने अधिक समय रोजगार से संबंधित कार्यों में दिया। इनमें संस्कृति, अवकाश, जनसंचार माध्यम और खेल शामिल थे। उन्होंने इन प्रत्येक चीजों पर 16 मिनट अधिक बिताए। यह जानकारी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 28 मार्च को प्रकाशित जनवरी-दिसंबर 2024 में किए गए टाइम यूज सर्वे (टीयूएस) रिपोर्ट से प्राप्त हुई।



डीबीडी इन्फो

### भोजन पर आठ और सोने पर छह मिनट कम किए

2024 में भारतीयों ने खुद की देखभाल में 18 मिनट कम बिताए जिसमें खासकर भोजन में सबसे कम समय दिया। इस पर उन्होंने 2024 में आठ मिनट कम किए। फिर 2019 की तुलना में सोने पर छह मिनट कम किए। साथ ही खुद की साफ सफाई और देखभाल पर चार मिनट कम किए।

### खुद की देखभाल पर पुरुषों ने 19 और महिलाओं ने घटाए 17 मिनट

पुरुषों और महिलाओं ने भोजन और सोने पर एक साथ समय कम किया। हालांकि, पुरुषों ने महिलाओं के मुकाबले खुद की देखभाल पर अधिक समय घटाया। पुरुषों ने इस पर 19 मिनट और महिलाओं ने 17 मिनट कम किए। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पुरुषों ने खुद की साफ सफाई के समय पर अधिक कटौती की। इसके बावजूद, पुरुष अभी भी महिलाओं की तुलना में खुद की साफ सफाई और देखभाल पर चार मिनट अधिक बिताते हैं।

# कर्नाटक में बुज़ुर्ग दंपती ने की आत्महत्या

▶▶ ठगों ने दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन 50 लाख ठगे

**डिजिटल अरेस्ट**

एजेंसी | बेलगावी

शनिवार को कर्नाटक के बेलगावी में दुखद घटना हुई। ठगों ने क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर बुजुर्ग दंपती को झांसे में लिया। डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपए लूट लिए। धमकियों और ठगी से परेशान दंपती ने घर में आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जान देदी। उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की। घटना स्थल पर मिले सुसाइड नोट से मामले का खुलासा हुआ है।

▶▶ सुसाइड नोट से हुआ खुलासा



### जानिए पूरा मामला

बेलगावी निवासी दियांगो नजारत (83) और उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) को सुमित बिर्रा नामक साइबर ठग ने दिल्ली के टेलिकॉम विभाग और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर वीडियो कॉल किया। ठग ने दंपती से कहा कि उनके नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी हुआ है। सिम कार्ड अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है।

### ऐसे डराया-धमकाया

ठग ने दंपती को धमकाया और फिर अनिल यादव नाम के शख्स को कॉल ट्रांसफर कर दी। अनिल ने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी। बुजुर्ग दंपती डर गए। ठगों ने दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। बुजुर्ग से उनकी संपत्ति और वित्तीय जानकारी मांग ली।

### घबराकर 50 लाख कर दिए ट्रांसफर

घबराहट में आकर दियांगो ने ठगों को 50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं और और ज्यादा पैसों की मांग की गई। धमकियों और ठगी से परेशान होकर बुजुर्ग दंपती ने घर में आत्महत्या कर ली। दियांगो ने गला काटकर जान दे दी। प्लेव्याना नजारत ने जहर खाकर खुदकुशी की।

### महाराष्ट्र सचिवालय से रिटायर्ड हुए थे दंपती

पुलिस ने बताया कि दंपती महाराष्ट्र सचिवालय में कार्यरत थे। दोनों सेवानिवृत्त हो चुके थे। दोनों की कोई संतान या करीबी रिश्तेदार नहीं थे। वे डर और शर्मिंदगी के कारण किसी को अपनी परेशानी नहीं बता सके।

### सुसाइड नोट से खुलासा

दोनों की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। घटना स्थल पर मिले सुसाइड नोट से मामले का खुलासा हुआ। सुसाइड नोट में ठगी की सारी जानकारी दी है। पुलिस को दंपती के मोबाइल फोन में भी साइबर ठगी के सबूत मिले हैं। पुलिस बैंक खातों की जांच कर रही है। ठगों की ओर से वसूली गई कुल रकम का पता लगाया जा रहा है। सुसाइड नोट के आधार पर सुमित बिर्रा और अनिल यादव के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और साइबर ठगी का मामला दर्ज किया गया है।

# पूरा हुआ 'मिशन 1000' भविष्य की सैटेलाइट्स के लिए प्लाज्मा थ्रस्टर का सफल परीक्षण

**उपलब्धि**

एजेंसी | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसरो ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि उसने 300 मिलिन्यूटन स्टेशनरी प्लाजमा थ्रस्टर ने एक हजार घंटे का सफल परीक्षण किया है। प्लाज्मा थ्रस्टर उपग्रह के इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन में इस्तेमाल करने के लिए बना है। इसके इस्तेमाल से संचार उपग्रहों की ट्रांसपोंडर क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी और मिशन की लागत भी कम होगी। परीक्षण के दौरान थ्रस्टर की कुल 5.4 किलोवॉट क्षमता का इस्तेमाल किया गया था।

▶▶ 01 हजार घंटे का सफल परीक्षण करने में मिली है कामयाबी

▶▶ संचार उपग्रहों के ट्रांसपोंडर की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी



### उपग्रह प्रबंधन में मदद मिलेगी

इसरो का दावा है कि इस तकनीक का इस्तेमाल आने वाले समय में लॉन्च किए जाने वाले उपग्रहों में किया जाएगा। इसके जरिए अंतरिक्ष की कक्षा में घूमने वाले उपग्रहों के प्रबंधन में भी मदद मिलेगी। इसरो परीक्षण के आंकड़ों के आधार पर इसमें और सुधार करने की तैयारी में है।

### केमिकल प्रोपल्शन की जगह लेगा

वैज्ञानिकों के अनुसार इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम मौजूदा समय में इस्तेमाल होने वाले केमिकल प्रोपल्शन सिस्टम की जगह लेगा। भविष्य के उपग्रहों में इसी प्रणाली का इस्तेमाल होगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस सफलता से मिशन की सटीकता भी बढ़ेगी।

### जेनॉन केमिकल का प्रयोग किया

इसरो के अनुसार संचार उपग्रहों की क्षमता बढ़ाने के लिए थ्रस्टर में प्रोपेलेंट के रूप में कैमिकल एलिमेंट 'जेनॉन का प्रयोग हुआ है। स्पेस प्रोपल्शन सिस्टम का एक अहम परफॉर्मेंस इंडेक्स यानी 'इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टमका स्पेसिफिक इम्पल्स कन्वेंशनल प्रोपल्शन सिस्टम से कम से कम छह गुना ज्यादा है।

### वैज्ञानिकों ने करीब से रखी नजर

परीक्षण के दौरान थ्रस्टर में लगे इलेक्ट्रोड लाइनर के इरोजन की करीब से निगरानी की गई। इसरो का दावा है कि परीक्षण से जो आंकड़े निकलकर सामने आए हैं उससे उपग्रहों में इस्तेमाल होने वाले थ्रस्टर्स की विश्वसनीयता और मजबूती को भविष्य में नया आयाम मिलेगा।

# हाई कोर्ट की पूर्व जस्टिस निर्मल यादव बरी

- घर से 15 लाख रुपये कैश मिलने का था दावा
- 17 साल में 300 से ज्यादा बार हुई सुनवाई

**नोट कांड**

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की पूर्व जज जस्टिस निर्मल यादव को 2008 के भ्रष्टाचार मामले में चंडीगढ़ की अदालत ने बरी कर दिया है। सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ दर्ज किए गए केस में शनिवार (29 मार्च) को एडिशनल सेशन जज अलका मलिक की स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया। इस मामले में अन्य आरोपी रविंदर सिंह भसीन, राजीव गुप्ता और निर्मल सिंह को भी अदालत ने बरी कर दिया।



### क्या था पूरा मामला?

यह मामला अगस्त 2008 में शुरू हुआ था, जब हाई कोर्ट की एक अन्य जज जस्टिस निर्मलजीत कौर के आवास पर 15 लाख रुपये से भरा बैग पहुंचा था। जस्टिस कौर के चपरासी ने पुलिस को इसकी सूचना दी थी, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोप था कि यह रकम जस्टिस यादव के लिए थी।

### सीबीआई ने 2011 में दाखिल किया था आरोप पत्र

- मामले की जांच पहले चंडीगढ़ पुलिस कर रही थी, लेकिन बाद में इसे पंजाब के तत्कालीन राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक जनरल (सेवानिवृत्त) एसएफ रोड्रिग्स के आदेश पर सीबीआई को सौंप दिया गया। शुरू में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी, जिसे खारिज कर दिया गया। बाद में 2011 में सीबीआई ने इस मामले में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### 2010 में हुआ था तबादला, 2014 में तय हुए थे आरोप

- 2010 में जस्टिस यादव का तबादला उत्तराखंड हाई कोर्ट में कर दिया गया, जहां से वह एक साल बाद सेवानिवृत्त हो गईं। 2014 में विशेष अदालत ने इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए थे। हालांकि, मुख्य आरोपियों में से एक, हरियाणा के पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल संजीव बंसल की दिसंबर 2016 में मृत्यु हो गई।

**भूकंप त्रासदी** > भूकंप में ढही इमारतों से निकाले जा रहे शव, बढ़ सकता है मौत का आंकड़ा

# 1000 से अधिक की मौत, 2,376 से ज्यादा लोग घायल

▶▶ गृहयुद्ध से जूझ रहे म्यांमार में शुक्रवार को आया था 7.7 तीव्रता का भूकंप

एजेंसी | बैंकॉक

म्यांमार में शुक्रवार को आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से अब तक 1 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई। शनिवार को सेना के नेतृत्व वाली सरकार ने बयान जारी किया। भूकंप के कारण क्षतिग्रस्त हुईं कई इमारतों के मलबे से और शव निकाले जा रहे हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। भूकंप के कारण अब तक 1,002 लोगों ने जान गंवा दी है और 2,376 लोग घायल हैं। वहीं 30 लोग लापता बताए जा रहे हैं। हालांकि, अमेरिकी एजेंसी ने चेतावनी दी कि मरने वालों की संख्या 10 हजार से ज्यादा हो सकती है। म्यांमार की त्रासदी को देखते हुए भारत, रूस और चीन देशों ने बचाव दल भेजा है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार सेना प्रमुख से बात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार में सेना के नेतृत्व वाली सरकार के प्रमुख मिन आंग ह्लाइंग से शनिवार को बात की। उन्होंने कहा, भारत उनके देश में आए भीषण भूकंप से मची तबाही से निपटने के प्रयासों में उनके साथ एकजुटता से खड़ा है। मोदी ने एक्स पर लिखा, म्यांमार के सीनियर जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में लोगों की मौत होने पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। भारत एक निकट मित्र और एक पड़ोसी के रूप में इस कठिन समय में म्यांमा के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### म्यांमार की मदद को आगे आई दुनिया

बीजिंग के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने कहा कि चीन ने म्यांमार में बचाव दल की 82 सदस्यीय टीम भेजी है। वहीं आपातकालीन मानवीय सहायता के तौर पर सोमवार से 13.8 मिलियन डॉलर भी चीन देगा। यूएन ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर दिए। मलेशिया अपने 49 बचावकर्मी दल को भेजा है। ये सभी मानवीय और आपदा राहत अभियानों में मदद करेंगे। दक्षिण कोरिया तत्काल बचाव और राहत प्रयासों का समर्थन करने के लिए 2 मिलियन डॉलर की मानवीय सहायता भेजेगा। न्यूजीलैंड आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस को 1.1 मिलियन डॉलर की मदद देगा। ईयू ने कहा कि वह प्रारंभिक आपातकालीन सहायता में 2.7 मिलियन डॉलर प्रदान कर रहा है और ब्लॉक से आगे की सहायता जुटाने के लिए जमीनी स्तर पर जरूरतों का आकलन कर रहा है।

# मंत्री केएन राजन्ना के बेटे को हनीट्रैप में फंसाने की कोशिश

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना के बेटे और विधान परिषद सदस्य राजेन्द्र राजन्ना ने हनीट्रैप मामले में पुलिस से शिकायत की है। इस मामले ने पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। अपनी शिकायत में मंत्री के बेटे ने हनीट्रैप की कोशिश के साथ-साथ यह भी कहा कि उन्हें जान से मारने की साजिश भी रची गई थी। बता दें कि राजेन्द्र ने गुरुवार को कर्नाटक के डीजीपी-आईजीपी आलोक मोहन से इसकी शिकायत की। सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना के बेटे ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि पिछले साल नवंबर में उनकी बेटी के जन्मदिन के समारोह से एक दिन पहले उनकी हत्या की कोशिश की गई थी



### 5 लाख की सुपारी, अब पुलिस करेगी जांच

उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें खत्म करने के लिए 2 कॉन्ट्रैक्ट किलरों को हायर किया गया है, जिन्हें 5 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। टुमकुरु के ख्यातसंद्रा थाने में पुलिस ने हनीट्रैप और हत्या की कोशिश के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के तहत, 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिन्होंने कथित तौर पर उन्हें फोन पर धमकाया था। इस संबंध में राजेन्द्र राजन्ना ने कॉल रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई है। पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच कर रही है।